रोहतक
शनिवार 10 अक्टूबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 30, अंक : 247
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 37.3°C
न्यून. 20.7°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

हरियाणा में चाक-चौबंद सुरक्षा



हरियाणा-दिल्ली बॉर्डर पर कड़ा पहरा, नाके लगाए

टिकरी, बदरपुर, सिंघु बॉर्डर और कापसहेड़ा बॉर्डर पर ली जा रही वाहनों की तलाशी

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

सीजेपी के दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले हरियाणा में सख्ती बढ़ा दी गई है। पानीपत से दिल्ली तक रेलवे स्टेशनों के बाहर नाके लगाए गए हैं। टिकरी, बदरपुर, कापसहेड़ा और सिंघु बॉर्डर पर वाहनों की तलाशी के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है। प्रदर्शन में शामिल होने दिल्ली जा रहे पानीपत में कांग्रेस के पूर्व विधायक बलवीर वाल्मीकि को पुलिस ने रास्ते में डिटेन कर लिया। सीजेपी की कोर टीम में हरियाणा के कई चेहरे शामिल हैं। ऐसे में पुलिस की सीआईडी विंग पार्टी से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं पर नजर रख रही है।

बॉर्डर पर सीसीटीवी से निगरानी
दिल्ली से सटे बहादुरगढ़ में टिकरी बॉर्डर से झाड़ौदा बॉर्डर, यूईआर, रोहद टोल और कानौंदा तक पुलिस ने नाकेबंदी की है। नाकों पर हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बहादुरगढ़ से दिल्ली जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है। यात्रियों से दिल्ली जाने का कारण भी पूछा जा रहा है।


रेलवे स्टेशनों पर हाई अलर्ट
सोनीपत और पानीपत रेलवे स्टेशनों पर पुलिस अलर्ट है। सोनीपत के एसीपी अमित धनखड़ ने सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा, स्टेशन पर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।

दिल्ली जाने वाली कई ट्रेन रद्द
हरियाणा से दिल्ली जाने वाली कई ट्रेन रद्द कर दी गई है। नारनौल से दिल्ली जाने वाली 10 ट्रेन शुक्रवार से 11 अक्टूबर तक रद्द की गई है। वहीं, पानीपत से भी दिल्ली जाने वाली 16 ट्रेनों को रद्द किया गया है। शनिवार सुबह 4 बजे से दोपहर 2 बजे तक नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन तक जाने वाली छह ट्रेनें भी रद्द रहेंगी।

(पैकेज पेज-3 पर)

खबर संक्षेप

मिस्टर मस्क, भारत किसी का गुलाम नहीं



नई दिल्ली। इलॉन मस्क ने भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं मिलने पर सवाल उठाए हैं। मस्क के सवाल पर कमल हासन ने जवाब देते हुए एक्स पर लिखा- मिस्टर मस्क, यह बात तय है कि कोई भी अरबपति किसी देश की नीति तय नहीं कर सकता है। चाहे वह भारतीय हो या अमेरिकी। हम एक लोकतांत्रिक देश हैं। भारत किसी का गुलाम (कॉलोनी) नहीं। *एजेंसी*

कैप्टन स्मित को इजराइल देगा राष्ट्रपति पुरस्कार



तेल अवीव। इजराइल ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित माच्छर को नागरिक वीरता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने यह जानकारी दी। कैप्टन माच्छर ने तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान में एक बड़ी विमानन आपदा को टालने में अहम भूमिका निभाई थी। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब माच्छर अबू धाबी के अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। *एजेंसी*

मणिपुर में 27 आईईडी किए गए निष्क्रिय



इम्फाल। मणिपुर के कामजोंग जिले में असम राइफल्स और भारतीय सेना ने संयुक्त अभियान में 27 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाया और उन्हें सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। करीब 8 किलोमीटर लंबे पहाड़ी मार्ग पर 48 घंटे तक चले अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने झाड़ियों में छिपाकर रखे गए इन विस्फोटक उपकरणों को बरामद किया। *एजेंसी*

पाकिस्तान में 4 प्रांतों के 15 हिस्से करने की तैयारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर देश के 4 प्रांतों को 12 से 15 हिस्सों में बांटकर सियासत का पूरा गणित बदलना चाहते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस कदम से पंजाब और सिंध में मजबूत नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो परिवार कमजोर पड़ सकते हैं। अभी इन प्रांतों की सरकारें केंद्र को चुनौती देने की ताकत रखती हैं। छोटे प्रांत बनने पर यह ताकत बंट जाएगी और इस्लामाबाद का दखल बढ़ेगा। इससे सेना को देश की राजनीति और सरकार पर अपनी पकड़ बढ़ाने का मौका मिल सकता है। *एजेंसी*

सीजेपी के प्रदर्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

मक्खी मारने के लिए हथौड़ा न चलाएं

दिल्ली मेट्रो को पूरी तरह बंद नहीं कर सकते, आम लोग परेशानी क्यों उठाएं | सीजेआई बोले-कुछ चीजों को रोकें, उतनी कार्रवाई करें, जितनी जरूरी | सरकार के पास सुरक्षा के दूसरे भी साधन, उनके इस्तेमाल के लिए स्वतंत्र | आम आदमी को घर में बंधक बनाना सही नहीं दूसरा तरीका निकालें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के शनिवार को होने वाले प्रदर्शन को लेकर ज्यादा सख्ती पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- आपको कुछ चीजों को रोकना ही होगा। उन्हें रोकने के लिए सिर्फ उतनी ही कार्रवाई करें, जितनी जरूरी हो। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप मक्खी मारने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल करें। इस बात का हमेशा ध्यान रखा जाना चाहिए। इसी के साथ कोर्ट ने कहा कि दिल्ली मेट्रो और ट्रेन सर्विस पूरी तरह बंद नहीं कर सकते। दरअसल सीजेपी के प्रदर्शन को देखते हुए शुक्रवार रात 9 बजे से 57 मेट्रो स्टेशन बंद होने थे। वहीं नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन आने वाली सभी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें शनिवार को कैंसिल रहेंगी। रेलवे ने इन ट्रेनों को उनके शुरुआती स्टेशनों से ही रद्द कर दिया है।



इंडिया गेट के आसपास बंद रहेगा नेट

38000 जवानों का पहरा
सरकार ने सीएपीएफ की 2021 कंपनियां बुलाई
15000 पुलिस के जवान अलग से तैनात रहेंगे
2800 आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों पर कड़ी नजर
लोगों से अपील, धरना स्थल पर न जाएं, सभी बॉर्डरों पर बैरिकेडिंग

57 मेट्रो स्टेशन बंद रहेंगे
नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन से 38 गाड़ियां रद्द रहेंगी
बसों और प्राइवेज वाहनों की कड़ी जांच की जा रही
छात्रों को रोकने के लिए कॉलेजों से किया संपर्क
स्कूल-कॉलेजों में लगेंगी ऑनलाइन क्लासेज

शीर्ष कोर्ट ने उठाए ये सवाल

- आम नागरिकों को बेवजह परेशानी नहीं होनी चाहिए, हम बस इतना ही चाहते हैं।
- रेलवे और मेट्रो स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे हैं और सरकार के पास सुरक्षा के दूसरे साधन भी हैं। आप उनका इस्तेमाल करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन आम नागरिकों को भी स्टेशनों पर जाने और पब्लिक ट्रांसपोर्ट इस्तेमाल करने का पूरा हक है।
- **प्रदर्शन स्थल:** जंतर-मंतर बहुत छोटी जगह है, प्रदर्शन के लिए किसी बड़ी जगह पर विचार किया जाना चाहिए।

पुलिस का अनुमति देने से इनकार

सीजेपी के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन की अनुमति देने से शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने इनकार कर दिया। पुलिस ने अनुमति देने से इनकार करने का कारण संगठन द्वारा पहले किए गए प्रदर्शन के दौरान कानूनी निर्देशों और अपने आश्वासनों का पालन नहीं किए जाने को बताया है। नयी दिल्ली रेंज की संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) नूपुर प्रसाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदर्शन की अनुमति के लिए कॉजपा के सह-संयोजक सौरव दास की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि आवेदन पर विचार किया गया लेकिन यह पाया गया कि प्रदर्शन की अनुमति के लिए आवेदन सात अक्टूबर को प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार, ऐसे आवेदन कम से कम 10 दिन पहले जमा करने होते हैं।

सीजेपी समर्थकों को दिल्ली आने से रोकें राज्य

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सीजेपी समर्थकों को दिल्ली आने से रोकने के लिए दिल्ली पुलिस के साथ तालमेल बनाने का निर्देश दिया। सभी राज्यों को डीजीपी को पत्र लिखकर कहा कि बिना अनुमति दिल्ली में प्रवेश की कोशिश न करने दें। जरूरी एहतियाती कदम उठाएं।

प्रदर्शन या परेशानी

सराय काले खां और न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन 25 घंटे बंद : सराय काले खां और न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन नौ अक्तूबर की रात नौ बजे से 10 अक्तूबर की रात 10 बजे तक बंद रहेंगे। इस दौरान दोनों स्टेशनों पर यात्रियों का प्रवेश और नमो भारत ट्रेन सेवाओं का संचालन उपलब्ध नहीं रहेगा।

बंद रहेंगी दुकानें व कार्यालय



कनॉट प्लेस में शनिवार को संभावित विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए कनॉट प्लेस के सभी दुकानदारों, कार्यालयों और रेस्तरां संचालक एहतियातन अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। कारोबारियों ने शनिवार को किसी अप्रिय स्थिति से बचने और संपत्ति को संभावित नुकसान या किसी व्यक्ति के घायल होने की आशंका को देखते हुए प्रतिष्ठान बंद रखने का फैसला लिया है।

दीपके का आरोप- प्रदर्शन से पहले लोगों को हिरासत में ले रहे : अभिजीत दीपके ने बेंगलुरु में प्रदर्शन से पहले सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा- सत्ता आपके पास हो सकती है, लेकिन सड़कें हमारी हैं। यहीं से हम अपना लोकतंत्र वापस लेंगे। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने दावा किया कि 10 अक्टूबर के प्रदर्शन से पहले बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया जा रहा है।

प्रदर्शन में परिवार के साथ शामिल होंगे केजरी
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि वह 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले सीजेपी के प्रदर्शन में अपने परिवार के साथ शामिल होंगे। उन्होंने देशभर के लोगों से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की।

टीचर तबादलों की प्रक्रिया पर रोक, हाईकोर्ट ने कहा-ऐसा टालमटोल का रवैया सही नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के रवैये पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को बड़ा झटका दिया है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की अदालत ने हजारी लाल एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को अगली सुनवाई तक टीचर तबादला प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया है। याचिका में सरकार की मौजूदा टीचर ड्राइव को चुनौती दी गई थी।



राज्य सरकार का जवाब संतोषजनक नहीं
अगली सुनवाई से पहले जवाब दाखिल करें

अदालत ने कहा कि कई अवसर दिए जाने के बावजूद प्रतिवादी पक्ष का रवैया असहयोगपूर्ण बना हुआ है। सरकार की ओर से पेश वकील का पक्ष भी टालमटोल वाला और स्पष्ट जवाब देने से बचने वाला रहा।

जवाब की अग्रिम प्रति करानी होगी उपलब्ध
सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से याचिका पर विस्तृत बिंदुवार जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत ने निर्देश दिया कि सरकार अपना जवाब अगली सुनवाई की तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले रजिस्ट्री में दाखिल करे। साथ ही याचिकाकर्ताओं के वकील को भी जवाब की अग्रिम प्रति उपलब्ध करानी होगी। राज्य सरकार का रुख संतोषजनक नहीं है।

पनामा में 7.6 की तीव्रता का भूकंप, कांपी धरती

पनामा सिटी। पनामा के दक्षिणी तट के पास शुक्रवार को 7.6 की तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भू वैज्ञानिकों के अनुसार 10 किमी गहराई में भूकंप का केंद्र रहा। हालांकि तत्काल किसी जान माल के नुकसान की खबर नहीं है। पड़ोसी देश कोस्टा रिका में भी झटके महसूस किए गए। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली में प्रशांत महासागर के तट के बड़े हिस्से में सुनामी आने की आशंका जताई है। वैज्ञानिकों के अनुसार कोलंबिया इक्वाडोर में खतरा बना हुआ है।

राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में छेड़छाड, राजशाही परिवार की रानी समेत छह लोगों पर धोखाधड़ी का केस

जींद (हरिभूमि न्यूज)। राजस्व विभाग के दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने पर शहर थाना पुलिस ने राजशाही परिवार की दो महिलाओं समेत छह लोगो के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जिसमें नगर परिषद के सचिव तथा राजस्व विभाग का एक पटवारी भी शामिल है। दिल्ली हाईकोर्ट में प्रेक्टिस कर रहे रामबीर कालोनी निवासी अधिवक्ता अभिमन्यु सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके दादा बलदेव सिंह ने 1965 में 50 कनाल दो मरले का फार्म हाउस खरीदा था। वह जमीन अब तीसरी पीढ़ी के नाम आ चुकी है। उसमें हिस्सा उसकी मां सुधा चौधरी तथा भाई अभिजीत सिंह का भी है। उसने सरकारी वेबसाइट पर रिकार्ड की जांच की तो उनके खसरा नंबर को बदल कर दूसरा खसरा नंबर दिया गया था।

नामजद लोगों में नप के सचिव तथा राजस्व विभाग का पटवारी शामिल
जमीन से संबंधित दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप

इन पर आरोप
उन्होंने आरोप लगाया कि राज परिवार की रानी इंद्रजीत कौर, उसकी पुत्रवधु हरसिमरन कौर, नगर परिषद सचिव सुमित दहिया, पटवारी नरेश चहल, शराब ठेकेदार सुभाष ने मिलीभगत कर राजस्व विभाग के रिकार्ड से छेड़छाड़ की गई। उनकी जमीन का रकबा घटाकर 18 कनाल 15 मरले कर दिया गया था। जमीन की लोकेशन भी बदल दी गई।

कच्छ में सड़क हादसे में 7 की मौत, 20 से अधिक घायल

कच्छ। गुजरात के कच्छ जिले में ट्रक और पिकअप वाहन की आमने-सामने की टक्कर में 7 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घाल हो गए। घटना शुक्रवार तड़के सुबह 3-4 बजे के बीच हुई। जिले के खावड़ा गांव के पास एक कंपनी के लगभग 30-32 मजदूरों को ले जा रही पिकअप वैन एक ट्रक से टकरा गई। हादसे के दौरान पिकअप वैन पलट गई, जिससे 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी पीड़ित पिकअप वाहन में सवार थे।

शुक्रवार तड़के सुबह 3-4 बजे के बीच हादसा

भ्रष्टाचार में पूर्व सीएम विजयन के खिलाफ एफआईआर का आदेश

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार केस में पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इस केस में पिनराई विजयन और उनकी बेटी टी वीणा पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। मामला कोचीन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड और वीणा की कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के बीच वित्तीय लेन-देन से जुड़ा है। कोर्ट में याचिका देकर इस मामले में एफआईआर की मांग की गई थी, जिसके बाद जस्टिस ए. बदरुद्दीन ने यह फैसला लिया। दरअसल, इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रही थी।



जेएनयू के प्रोफेसर और कांग्रेस सांसद अकोइजाम बर्खास्त

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने प्रोफेसर और इनर मणिपुर से कांग्रेस लोकसभा सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम को बर्खास्त कर दिया है। यूनिवर्सिटी ने उन्हें 11 छात्राओं के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया। यह कार्रवाई यूनिवर्सिटी की इंटरनल कमेटी (आईसी) की जांच के निष्कर्षों के आधार पर की गई। आईसी ने बिमोल अकोइजाम के खिलाफ बड़ी सजा की सिफारिश की थी। 2023 में मणिपुर हिंसा के बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस पार्टी के टिकट पर 'इनर मणिपुर' सीट से चुनाव जीते थे।

11 छात्राओं के यौन उत्पीड़न के दोषी पाए

नाना पाटेकर के निधन मामले में केस दर्ज

पणजी। गोवा पुलिस ने अभिनेता नाना पाटेकर के निधन मामले में मेडिको-लीगल 'अप्राकृतिक मौत' का केस दर्ज किया है। पुलिस मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिवार के बयानों की जांच करेगी। गोवा पुलिस ने बीएनएस की धारा 194 के तहत केस दर्ज किया है। पीएसआई नितिन नाइक इसकी जांच कर रहे हैं। पणजी में दर्ज केस के मुताबिक, नाना पाटेकर को गुरुवार सुबह गोवा के डोना पाउला स्थित ओशन पार्क से मणिपाल अस्पताल, बांबोलिम लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर रात पुणे के फार्महाउस में शव का अंतिम संस्कार किया गया।



महिला की छाती पर कोहनी मारना छेड़छाड़ नहीं : हाईकोर्ट

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने महिला की छाती पर कोहनी मारने के मामले में एक व्यक्ति को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इससे महिला की गरिमा भंग करने का इरादा साबित नहीं होता। जस्टिस जोबिन सेबेस्टियन ने क्रिमिनल रिव्यू पिटीशन मंजूर की। उन्होंने चालक्कुडी की ज्यूडिशियल फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट कोर्ट-I की सजा रद्द कर दी। इस सजा को त्रिशूर की एडिशनल सेशंस कोर्ट-III ने भी बरकरार रखा था। मामला आईपीसी की धारा 354 के तहत दर्ज था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आरोपी को एक महीने की कैद और 1000 जुर्माने की सजा सुनाई थी।

यह हरकत गरिमा भंग करने का इरादा साबित नहीं करती

वीजा लेकर अमेरिका में काम करने वाले बंधुआ मजदूर : जेडी वेंस

भारत का जवाब-अमेरिका की अर्थव्यवस्था यही संभाल रहे

वाशिंगटन/नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एच-1बी वीजा पर अमेरिका में काम करने वाले विदेशी कर्मियों को 'बंधुआ मजदूर' बताया है। उन्होंने यह बयान 8 आईटी कंपनियों को ग्रीन कार्ड से जुड़े प्रोग्राम से सस्पेंड किए जाने पर दिया। वेंस ने आरोप लगाया कि कंपनियां अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकालकर उनकी जगह कम वेतन पर विदेशी कर्मियों को रख रही हैं। भारत ने वेंस के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रवासियों की अहम भूमिका रही है। भारत ने यह भी कहा कि भारतीय पेशेवर अमेरिका की अर्थव्यवस्था, नई तकनीक, रिसर्च और रोजगार बढ़ाने में अहम योगदान देते हैं। इससे दोनों देशों को फायदा होता है। अमेरिका में एच-1बी वीजा पाने वालों में 71% भारतीय हैं।



एच-1बी वीजा लेने वालों में 71 फीसदी भारतीय कंपनियां अमेरिकी कर्मियों को नौकरी से निकाल रही

विदेशियों की जगह अपने लोगों को नौकरी दें
वेंस ने माइक्रोसॉफ्ट पर वीजा व्यवस्था का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों की जगह अमेरिकी लोगों को नौकरी देनी चाहिए। वेंस के मुताबिक, पिछले एक साल में माइक्रोसॉफ्ट ने 6,000 अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला, जबकि इसी दौरान कंपनी को 6,300 एच-1बी वीजा और करीब 3,000 ग्रीन कार्ड का फायदा मिला। उन्होंने इस व्यवस्था को शर्मनाक बताते हुए इसे खत्म करने की बात कही।

नरसंहार के दोषियों को सजा दिलाई, मंडेला की मदद की

रंगभेद के खिलाफ लड़ने वाली भारतवंशी नवनेथम पिल्लई को शांति का नोबेल

छठवीं बार किसी भारतवंशी को मिला नोबेल पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

नॉर्वे की नोबेल समिति ने 2026 का शांति पुरस्कार भारतवंशी नवनेथम 'नवी' पिल्लई को देने का ऐलान किया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मीं पिल्लई ने रंगभेद के खिलाफ लड़ने वाले नेल्सन मंडेला समेत कई लोगों की मदद की थी। पिल्लई को युद्ध अपराध और नरसंहार के दोषियों को सजा दिलाने और अंतरराष्ट्रीय कानून को मजबूत करने के प्रयासों के लिए यह सम्मान दिया गया है। नोबेल समिति ने कहा कि दुनिया में युद्ध और संघर्ष बढ़ रहे हैं। ऐसे में शांति बनाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना और उसे मजबूत करना बेहद जरूरी है। पिल्लई नोबेल पुरस्कार हासिल करने वाली छठवीं भारतीय हैं। उन्हें दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा।



कैदियों के अधिकारों के लिए लड़ीं
- 1973 में पिल्लई ने याचिका दायर कर रॉबेन आइलैंड जेल में बंद राजनीतिक कैदियों को वकीलों की मदद लेने का अधिकार दिलाया। इनमें नेल्सन मंडेला भी शामिल थे। हालांकि कैदी के तौर पर उनकी मंडेला से कभी मुलाकात नहीं हुई।
- 1995 में जब मंडेला राष्ट्रपति बने तो उन्होंने नवी पिल्लई को दक्षिण अफ्रीका के हाई कोर्ट में जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली गैर-श्वेत महिला थीं।
- 1994 में रवांडा में बड़े पैमाने पर नरसंहार हुआ था। इसमें तुत्सी समुदाय के लोगों की बड़े पैमाने पर हत्या की गई। पिल्लई के करियर का सबसे अहम पड़ाव रवांडा में नरसंहार से जुड़े मामलों की सुनवाई रहा।
- 1995 में संयुक्त राष्ट्र ने रवांडा नरसंहार के अपराधियों को सजा दिलाने के लिए इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल फॉर रवांडा बनाया। पिल्लई इस ट्रिब्यूनल में जज नियुक्त हुईं।

दादा मजदूर बनकर दक्षिण अफ्रीका गए
नवनेथम 'नवी' पिल्लई का जन्म 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में हुआ था। उनका परिवार भारतीय तमिल मूल का है। उनके दादा 1890 के दशक में भारत से बंधुआ मजदूर बनकर दक्षिण अफ्रीका गए थे। वहां वे गन्ने के खेतों में काम करते थे। एक हादसे में उनके दोनों हाथ चले गए। परिवार की आर्थिक हालत खराब होने के कारण उनके बेटे नारायणसामी नायडू को महज 8 साल की उम्र में स्कूल छोड़कर काम करना पड़ा।

गरीब परिवार में हुआ जन्म
नारायणसामी बस चलाकर परिवार का गुजारा करते थे। उनकी पत्नी संथमा घर संभालती थीं। इसी दौरान 1941 में नवी पिल्लई का जन्म हुआ। वह आठ बच्चों वाले परिवार में पांचवें नंबर पर थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, लेकिन मुश्किलों के बावजूद उनके माता-पिता ने बच्चों की पढ़ाई जारी रखने की कोशिश की।

खबर संक्षेप

समाधान शिविरों में हो शिकायतों का निपटारा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की फ्लैगशिप योजना है। इसलिए सभी अधिकारी हर जिलों में लगाए जाने वाले शिविरों में आने वाली समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। हर समस्या का समाधान नवीनतम तकनीकी का लाभ उठाते हुए करें जिससे कोई भी समस्या लंबित नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल के दौरान समाधान शिविरों में 92848 शिकायतें आई, जिनमें से 55365 शिकायतों का समाधान किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान की गई शिकायतों में से 40000 शिकायतकर्ताओं से सीधे फोन कर समस्या के समाधान बारे राज्य स्तर पर जानकारी ली गई।

महिला पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

चंडीगढ़। हरियाणा में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित व सम्मानित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कारों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र आवेदक 5 नवंबर तक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार, 1.50 लाख रुपये की राशि व प्रशस्ति पत्र के साथ इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, 1 लाख रुपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार तथा 1 लाख रुपये की राशि व प्रशस्ति पत्र के साथ बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार शामिल हैं।

चंडीगढ़ में 'क्ले फेस्ट' का हुआ शुभारंभ

चंडीगढ़। हस्तनिर्मित मिट्टी के बर्तनों, कला और शिल्प कौशल को समर्पित तीन दिवसीय 'क्ले फेस्ट' का शुभारंभ शुक्रवार को गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, चंडीगढ़ में हरियाणा सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्त आयुक्त, राजस्व डॉ. सुमिता मिश्रा, आईएएस द्वारा किया गया। शंभाला आर्ट्स द्वारा चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव 11 अक्टूबर तक चलेगा।इस अवसर पर डॉ. सुमिता मिश्रा ने पारंपरिक हस्तशिल्प के सांस्कृतिक महत्व और भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

एसआईआर : लंबित मामलों के 28 तक निस्तारण के निर्देश

चंडीगढ़। हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्राप्त नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि 'कोई भी योग्य मतदाता न छूटे'। गत 7 से 9 अक्टूबर तक प्रदेशभर में आयोजित विशेष शिविरों एवं घर-घर सर्वेक्षण के दौरान 88,735 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि सभी सियासी दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी साझा की गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सुनवाई से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाए।

सरकार किसानों का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदेगी, उठान समय पर करने के निर्देश

दूसरे राज्यों से आने वाले धान-बाजरे पर रखें कड़ी निगरानी : नायब सैनी

समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उपायुक्तों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को राज्य की मंडियों में चल रही फसल खरीद प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने और दूसरे राज्यों से आने वाले धान व बाजरे पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदेगी और फसल की राशि का भुगतान भी समय पर सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ में समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुसार 17 प्रतिशत नमी वाले धान की खरीद सुनिश्चित की जाए। मंडियों में खरीद प्रक्रिया सुचारू रखने के लिए जारी दिशा-निर्देशों की पालना करवाई जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रत्येक जिले में मंडियों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये अधिकारी मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। मंडियों में निगरानी के लिए जियो टैगिंग की गई है और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। उन्होंने दूसरे राज्यों से बिक्री के लिए धान और बाजरा लाने वाले वाहनों को जब्त करने तथा अंतरराज्यीय वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

चीका मंडी में धान डालने के लिए चार स्थान निर्धारित किए

मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीदी गई फसल का उठान समय पर पूरा किया जाए। विशेष रूप से कैथल की मंडियों में उठान कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि किसानों को धान लाने में परेशानी न हो। अधिकारियों ने बताया कि चीका मंडी में धान डालने के लिए चार स्थान निर्धारित किए गए हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने धान उतारने के लिए एक ही स्थान निर्धारित करने का उचित समाधान निकालने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव डॉ. यशपाल सिंह ने बताया कि प्रदेश में धान के अलावा करीब पौने दो लाख बाजरे की आवक हो रही है। मंडियों में फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के साथ उठान के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

अंत्योदय परिवारों के पशुपालकों को दूध पर प्रति लीटर 10 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1.80 लाख रुपये सालाना आमदनी वाले अंत्योदय परिवारों के लिए रोजगार के नए साधन खड़े किए जाएंगे। अंत्योदय परिवारों को पशुपालन के लिए सस्ते ऋण के साथ-साथ दूध पर प्रति लीटर 10 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी जिसका उपयोग उसके ऋण की अदायगी में किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अंत्योदय परिवारों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ नई योजनाएं शुरू करने के लिए भी व्यापक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अंत्योदय परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार तथा उनके लिए रोजगार के नए साधन तैयार करने के लिए विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रभाव की समीक्षा की तथा उन्हें ऋण उपलब्ध करवाने के लिए बैंक अधिकारियों को आवश्यक हिदायतें दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंत्योदय परिवारों के लिए रोजगार से जोड़ना सरकार का लक्ष्य है।

दयालु योजना में आवेदन से भुगतान तक होगी ट्रैकिंग

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु-1 एवं दयालु-11) के तहत पात्र परिवारों को सहायता राशि प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। योजना का लाभ लेने के लिए किसी आवेदक को बिचौलियों के पास न जाना पड़े और पात्र लाभार्थियों को बिना अनावश्यक देरी के आर्थिक सहायता मिले। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आवेदन से लेकर दस्तावेजों के सत्यापन और सहायता राशि के हस्तांतरण तक पूरी प्रक्रिया की ट्रैकिंग सुनिश्चित की जाए। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सहायता राशि सीधे रियल टाइम में हस्तांतरित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें भुगतान के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दयालु-1 योजना के आवेदनों का सत्यापन दयालु-11 योजना की तर्ज पर किया जाए।

औद्योगिक निवेश बढ़ाने को 28 सूत्री सुधार एजेंडा तैयार

कैबिनेट सचिवालय के विशेष सचिव के साथ एसीएस सुधीर राजपाल की बैठक



■ भवन निर्माण उप-नियमों को सरल बनाने पर केंद्र ने हरियाणा सरकार को सराहा

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार प्रदेश को कारोबार और निवेश के लिए अधिक अनुकूल बनाने के उद्देश्य से नियामकीय सुधारों के साथ-साथ सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने और प्रशासनिक व्यवस्था को उद्यमियों के अनुकूल बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके लिए राज्य सरकार 28 सूत्री सुधार एजेंडा पर काम कर रही है। अनुपालन में कमी लाने और नियामकीय प्रक्रियाओं के सरलीकरण से जुड़े अभियान के दूसरे चरण के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए हुई उच्चस्तरीय बैठक में दी गई। बैठक की अध्यक्षता कैबिनेट सचिवालय के विशेष सचिव केके पाठक और हरियाणा के गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने की। बैठक के दौरान केके पाठक ने भवन निर्माण उप-नयमों को सरल बनाने तथा नियामकीय प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के हरियाणा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण संबंधी नियमों को अधिक व्यावहारिक, पारदर्शी और कारोबार के अनुकूल बनाने से अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी आएगी तथा कारोबारी सुगमता को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार अनावश्यक नियामकीय बाधाओं को दूर करने, कारोबारी सुगमता में सुधार लाने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है।

आठ सुधार प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे

औद्योगिक विकास, भूमि संबंधी नियमों, भवन निर्माण की मंजूरी, श्रम सुधारों, बिजली कनेक्शन, पर्यावरणीय स्वीकृतियों, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और नागरिक-केंद्रित सेवाओं सहित विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि अब तक आठ सुधार प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जा चुके हैं, जबकि 18 प्रस्तावों पर सहमति बनने के बाद उनका क्रियान्वयन किया जा रहा है।

प्राकृतिक खेती के लिए पंचायती भूमि पट्टे पर दी जाएगी : राणा

■ प्रथम चरण में गांवों की दस फीसदी पंचायती भूमि दी जाएगी : कृषिमंत्री

चंडीगढ़। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश सरकार पंचायती भूमि पर भी प्राकृतिक खेती शुरू करेगी। इसके लिए पंचायतों को अपनी भूमि पर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रथम चरण में अगले वर्ष के प्रारम्भ में पंचायती भूमि के 10 फीसदी हिस्से को प्राकृतिक खेती करने के लिए पट्टे पर दिया जाएगा। राणा अपने कार्यालय में बजट-घोषणाओं तथा सीएम-घोषणाओं से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को आम-बजट में की घोषणाओं को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की 800 एकड़ भूमि पर तो प्राकृतिक खेती की ही जाएगी, साथ ही साथ अब पंचायती भूमि पर भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।



100% दिव्यांगता, फिर भी रिटायर्ड शिक्षिका को नहीं मिला इंक्रीमेंट और पेंशन का फायदा

■ हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से जवाब मांगा

चंडीगढ़। स्कूल जाते समय सड़क हादसे में 100 प्रतिशत दिव्यांग हुई हरियाणा की शिक्षिका वंदना अग्रवाल को सेवा संबंधी लाभ नहीं मिलने का मामला पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट पहुंच गया है। शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि दिव्यांगता के बाद उन्हें न तो वैकल्पिक पद पर समायोजित किया गया और न ही पदोन्नति, वेतन वृद्धि तथा पूर्ण पेंशन सहित अन्य लाभ दिए गए। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने याचिका पर हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई तीन



दिसंबर, 2026 को होगी। याचिकाकर्ता के अनुसार, उनकी नियुक्ति 27 नवंबर, 1995 को प्राथमिक शिक्षिका के पद पर हुई थी। बाद में आठ अक्टूबर, 2002 को उन्हें संस्कृत शिक्षिका के पद पर पदोन्नत किया गया। छह जुलाई, 2006 को अपने निर्धारित स्कूल जाते समय वह गंभीर सड़क हादसे का शिकार हो गईं।

वेतन न मिलने पर निजी विवि के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची प्रोफेसर

चंडीगढ़। हरियाणा के पीडीएम विश्वविद्यालय में कार्यरत सहायक प्रोफेसर कविता राठी ने नवंबर 2023 से वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में उन्होंने बकाया वेतन 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ जारी करने, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मानकों के अनुसार वेतन निर्धारित करने और राज्य सरकार को विश्वविद्यालय के कामकाज में हस्तक्षेप करने के निर्देश देने की मांग की है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने मामले में हरियाणा सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई सात अप्रैल 2027 को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया कि कविता राठी की नियुक्ति 17 अगस्त 2017 को पीडीएम विश्वविद्यालय में जैव रसायन विज्ञान विषय की सहायक प्रोफेसर के रूप में हुई थी। उन्होंने 18 अगस्त 2017 को कार्यभार संभाला था। नियुक्ति की शर्तों के अनुसार उन्हें यूजीसी के मानकों और लागू वैधानिक प्रावधानों के तहत वेतन दिया जाना था।याचिका के अनुसार, शुरुआत में उन्हें 36 हजार रुपये प्रतिमाह सकल वेतन मिल रहा था। हालांकि, वर्ष 2020 से 2022 के बीच कोविड महामारी का हवाला देते हुए विश्वविद्यालय ने उनके वेतन में कटौती कर दी।

वन स्टॉप सेंटर में 66818 को मिली सहायता

■ 22 वन स्टॉप सेंटर पूरी तरह से क्रियाशील, इनमें से 10 स्वयं के भवनों से संचालित हो रहे

चंडीगढ़। हरियाणा में हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए सखी - वन स्टॉप सेंटर' योजना एक बड़ा संबल साबित हो रही है। सशक्त महिला, सुरक्षित महिला के संदेश के साथ कार्य कर रहे इन केंद्रों के माध्यम से शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मानसिक या आर्थिक हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 22 वन स्टॉप सेंटर पूरी तरह से क्रियाशील हैं। इनमें से 10 सेंटर अपने स्वयं के भवनों से संचालित हो रहे हैं तथा 5 नए अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर भी स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से सितंबर 2026 तक कुल 66,818 मामलों का निवारण और सहायता प्रदान की जा चुकी है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इन केंद्रों पर पीड़ित महिलाओं को तत्काल चिकित्सा सहायता, मुकदमे के लिए कानूनी सहायता, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक परामर्श, एफआईआर दर्ज करवाने व पुलिस सुरक्षा में सहायता तथा 20 दिनों तक का अल्पकालिक सुरक्षित अस्थायी आश्रय प्रदान किया जाता है।

पीटीआई की वेतन समानता का मामला छह सप्ताह में फैसला लेने का आदेश

चंडीगढ़। हरियाणा में शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षकों (पीटीआई) के वेतनमान में समानता और बकाया लाभों से जुड़े मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को छह सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने पांच याचिकाओं का निपटारा करते हुए संबंधित सक्षम प्राधिकारी को निर्देश दिया कि याचिकाओं को विस्तृत अभ्यावेदन मानकर कर्मचारियों की मांगों पर विचार किया जाए। इस दौरान कर्मचारियों को सुनवाई का उचित अवसर देना होगा और अदालत के पूर्व निर्णय के आलोक में कारण सहित स्पष्ट आदेश पारित करना होगा। हालांकि, हाई कोर्ट ने वेतन समानता के दावे के गुण-दोष पर कोई अंतिम राय नहीं दी है।याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि केंद्रीय राष्ट्रीय अनुशासन योजना से आए शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षकों को राज्य में समाहित करने के बाद पीटीआई (एनएफसी) के रूप में पुनर्नामित किया गया था।

देश में लोकतंत्र की आत्मा को कुचल रही सरकार : संजय दत्त

चंडीगढ़। कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस और उसके सहयोगी राजनीतिक दलों के नेता एकजुट होकर लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारी कांग्रेस नेताओं के साथ पुलिस के कथित दुर्व्यवहार और सख्ती की खबरें बेहद चिंताजनक हैं। हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने आंदोलन की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता को संबोधित किया और पत्रकारों के साथ पूरे घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि पार्टी का विरोध जारी रहेगा।

सुबह मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होगी बैठक, कई योजनाओं को मिल सकती है मंजूरी

हरियाणा कैबिनेट की बैठक आज, नेता विपक्ष हुड्डा के पीनल रेंट और लाडो लक्ष्मी योजना पर नजरें

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़


हरियाणा मंत्रिमंडल की अहम बैठक शनिवार सुबह 11 बजे हरियाणा सचिवालय की चौथी मंजिल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकारी कोठी के पीनल रेंट की माफी और लाडो लक्ष्मी योजना का दायरा बढ़ाने से जुड़े मुद्दे प्रमुख हैं।

इस मुद्दों पर होगा मंथन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की यात्रा को लेकर प्रस्ताव पारित किए जाने की भी संभावना जताई जा रही है। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत अधिक परिवारों को लाभ देने के लिए आय सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव पर सबकी नजरें टिकी हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विभिन्न सार्वजनिक सभाओं में इस संबंध में घोषणा कर चुके हैं। ऐसे में कैबिनेट बैठक में योजना के पात्रता मानकों में बदलाव को लेकर निर्णय होने की संभावना है। हालांकि, इस संबंध में अंतिम फैसला बैठक के बाद ही स्पष्ट होगा। बैठक में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की चंडीगढ़ के सेक्टर-7 स्थित सरकारी कोठी के पीनल रेंट का मामला भी उठ सकता है। लोक निर्माण विभाग के नियमों के तहत निर्धारित अवधि से अधिक समय तक सरकारी आवास पर कब्जा रहने के कारण उन पर जुर्माना लगाया गया है।

सिंगापुर यात्रा की जानकारी भी साझा कर सकते हैं मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हाल ही में सिंगापुर की यात्रा से लौटे हैं। ऐसे में बैठक के दौरान प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और यात्रा से जुड़े विषयों पर मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ जानकारी साझा किए जाने की संभावना है। इसके अलावा विभिन्न विभागों के प्रस्तावों, विकास योजनाओं और प्रशासनिक मामलों पर भी चर्चा हो सकती है। बैठक में रखे जाने वाले प्रस्तावों और उन पर होने वाले निर्णयों की आधिकारिक स्थिति बैठक के बाद ही स्पष्ट होगी



पहले भी आया था प्रस्ताव

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, यह राशि बढ़कर करीब 16.49 लाख रुपये हो चुकी है। इस राशि को माफ करने का प्रस्ताव पहले भी कैबिनेट की बैठक में आया था, लेकिन तीन मंत्रियों की आपत्तियों के बाद इस पर अंतिम फैसला नहीं हो पाया। मंत्रियों ने कथित तौर पर बिजली, पानी और कर्मचारियों पर हुए खर्च का पूरा वित्तीय ब्योरा सामने रखने की जरूरत जताई थी। इसके बाद प्रस्ताव को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया था। अब एक बार फिर इस मुद्दे पर निर्णय की संभावना को लेकर चर्चा है।

धान और बाजरे की खरीद में बदइंतजामी से किसान बेहाल



■ इनेलो नेताओं ने राज्यपाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा

चंडीगढ़। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला की अगुवाई में पार्टी के शिष्टमंडल ने शुक्रवार को हरियाणा के राज्यपाल से मुलाकात कर धान-बाजरे की खरीद में अव्यवस्थाओं और डीएपी खाद की समस्या का मुद्दा उठाया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की। राज्यपाल ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के बाद अभय चौटाला ने कहा कि फसल खरीद में अव्यवस्थाओं के कारण किसान धरने पर बैठने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही। मंडियों में बारदाने की कमी है और धान-बाजरे की खरीद सुचारू रूप से नहीं हो रही। सरकार के मंत्री और अधिकारी मंडियों में जाकर हालात का जायजा नहीं ले रहे।

गुरुग्राम में 22 करोड़ के तीन विकास कार्यों का आरती राव ने किया शुभारंभ

चंडीगढ़। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान तथा आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि कि हम राजनीति अपने लिए नहीं, बल्कि जनता के हितों और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए करते हैं। स्वास्थ्य मंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम के वार्ड 15 में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करने उपरांत उपस्थित जन को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में पटौदी की विधायक बिमला चौधरी और सोहना के विधायक तेजपाल तंवर भी मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि तीन विकास कार्यों पर 22 करोड़ रुपये की लागत आएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम तेजी से विकसित हो रहा शहर है और भविष्य में इसकी आबादी तथा स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरतें और बढ़ेंगी। ऐसे में हमारी प्राथमिकता है कि शहर के विस्तार और लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम नागरिक अस्पताल का ड्राइंग कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के तहत धरातल पर कार्य का शुभारम्भ किया जाएगा।

खबर संक्षेप

पूर्व सांसद दुग्गल की बेटी एचसीएस में चयनित

सिरसा। पूर्व सांसद एवं आईआरएस अधिकारी सुनीता



दुग्गल की बेटी 28 वर्षीय नीवा दुग्गल का एचसीएस में चयन हुआ है। नीवा के पिता पूर्व डीआईजी राजेश दुग्गल हैं। नीवा ने मुख्य परीक्षा (मेंस) में 297 अंक और इंटरव्यू में 47.60 अंक प्राप्त किए, जिनको मिलाकर कुल स्कोर 344.60 रहा। नीवा ने दूसरी बार एचसीएस की परीक्षा दी है। नीवा ने दो बार यूपीएससी मेंस क्लीयर किया हुआ है।

होटल में युवक का शव फंदे पर लटका मिला

रेवाड़ी। रेलवे रोड पर एक होटल में पांच दिन से कमरा लेकर रह रहे महेंद्रगढ़ के युवक का शव फंदे पर लटका मिला। महेंद्रगढ़ के तिगरा गुर्जरवास निवासी 32 वर्षीय सुशांत ने पांच दिन पहले अनिल होटल में कमरा किराए पर लिया था। वह लगातार उसी कमरे में रह रहा था। शुक्रवार को दोपहर के समय होटल का कर्मचारी जब उसके कमरे में गया, तो उसका शव पंखे के हुक से लटकता मिला। कमरे से शराब की बोतल भी मिली है।

सीजेपी के दिल्ली प्रदर्शन से पहले प्रदेश में पुलिस अलर्ट

बॉर्डर पर चौकसी बढ़ा दिल्ली जा रहे कई नेता किए हाउस अरेस्ट, दर्जनों ट्रेनें भी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

कॉकरोच जनता पार्टी के 10 अक्टूबर को एसआईआर को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले हरियाणा में सख्ती दिखाई दी। दिल्ली के सीमावर्ती जिलों में पुलिस अलर्ट पर है। पानीपत से दिल्ली तक रेलवे स्टेशनों के बाहर नाके लगाए गए हैं। टिकरी, बदरपुर, कापसहेड़ा और सिंघु बॉर्डर पर वाहनों की तलाशी के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है। वहीं, प्रदर्शन में शामिल होने दिल्ली जा रहे पानीपत, करनाल, सिरसा समेत कई जिलों के नेताओं को भी पुलिस ने डिटेन किया है। कई नेताओं को पुलिस ने घरों में नजरबंद भी किया है।

सीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और चरखी दादरी निवासी सुधीर सांगवान ने वीडियो में आरोप लगाया कि पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की कोशिश की जा रही है। सीआईडी से उनके ऊपर नजर भी रखी जा रही है।



समालखा। पूर्व विधायक बलबीर को साथ ले जाते पुलिस कर्मचारी।

पूर्व विधायक को घर में किया नजरबंद

समालखा। दिल्ली में प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे इसराना के पूर्व विधायक कांग्रेसी नेता बलबीर वाल्मीकि को शुक्रवार को पानीपत पुलिस ने जीटी रोड के हल्दाना बॉर्डर पर हिरासत में ले लिया। बलबीर अपने साथियों के साथ गाड़ियों के काफिले के साथ दिल्ली जा रहे थे। डीएसपी सुरेश सैनी ने पूर्व विधायक बलबीर को उनके साथियों से अलग किया और इसराना थाना प्रभारी हरिराम के हवाले कर दिया। थानेदार हरिराम, बलबीर को अपने साथ लेकर उनके इसराना गांव स्थित आवास पहुंचे और उन्हें वहां हाउस अरेस्ट कर लिया। इधर, पूर्व विधायक बलबीर ने पुलिस अधिकारियों से उन्हें रोके जाने का कारण पूछा, लेकिन वे कोई स्पष्ट वजह नहीं बता पाए। पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि ने कहा कि वे खुद भी वोट चोरी का शिकार हुए हैं और इसी वजह से चुनाव हार चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने का अधिकार है।

प्रदर्शन के चलते थमे ट्रेनों के पहिये

हिसार। दिल्ली में चल रहे आंदोलन के चलते रेलवे ने 10 अक्टूबर को 13 रेल सेवाएं रद्द की हैं। ट्रेनों के रद्द होने से हिसार, सिरसा, भिवानी, रेवाड़ी, श्रीगंगानगर और दिल्ली सहित विभिन्न शहरों के यात्रियों की आवाजाही प्रभावित होगी। 10 अक्टूबर को गाड़ी संख्या 15308 सिरसा-तिलकब्रिज, 12963 हजरत निजामुद्दीन-उदयपुर सिटी, 14738 तिलकब्रिज-भिवानी, 14737 भिवानी-तिलकब्रिज और 14728 तिलकब्रिज-श्रीगंगानगर रेलसेवाएं रद्द रहेंगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 74004 और 54414 रेवाड़ी-दिल्ली, 54421 दिल्ली-रेवाड़ी, 54310 हिसार-दिल्ली, 54424 हिसार-नई दिल्ली और 54423 नई दिल्ली-हिसार भी 10 अक्टूबर को संचालित नहीं होंगी। वहीं, शुक्रवार दोपहर दो बजे के बाद पानीपत से दिल्ली की ओर जाने वाली 16 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं, 10 अक्टूबर को सुबह 4 बजे से दोपहर 2 बजे तक नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन तक जाने वाली छह ट्रेनें भी रद्द रहेंगी।

लोकतंत्र बचाने की आवाज पूरे देश में गूंज रही : शर्मा

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता एवं पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ राहुल गांधी की लोकतंत्र को बचाने की व संविधान के संरक्षण की आवाज पूरे देश मे गूंज रही है। लोकतंत्र में हर इंसान को अपनी आवाज उठाने का अधिकार है। भाजपा उसे कुचलने की कोशिश कर रही है, लेकिन यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की जान को खतरा है हम उनकी रक्षा करेंगे।

फरीदाबाद में छात्र की मौत पर पथराव, दो पुलिसकर्मी भी घायल

सहपाठी लड़की के घर फंदे पर लटका मिला 10वीं का छात्र, गुस्साए परिजनों ने की तोड़फोड़

- लड़की के परिजनों का आरोप- काफी समय से लड़की को कर रहा था परेशान
- तोड़फोड़ करने पर पुलिस ने करीब 300 लोगों पर केस दर्ज कर 9 को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नहर पार इलाके में रहने वाले 10वीं के छात्र की मौत पर बवाल हो गया। दरअसल, छात्र गुरुवार देर रात साथ पढ़ने वाली लड़की के घर गया था। इसके बाद परिवार को सूचना मिली कि उनके बेटे ने लड़की के घर में फंदा लगा लिया है, जिससे उसकी मौत हो गई।

इसकी सूचना मिलते ही छात्र के परिजन बड़ी संख्या में लोगों के साथ लड़की के घर पहुंच गए। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए लड़की के घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ने पर मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। इस दौरान पुलिस पर पथराव भी किया गया, जिसमें 2 पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। वहीं, लड़की के परिवार ने छात्र पर बेटी को लगातार परेशान करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस बारे में पहले भी शिकायत दी गई थी, लेकिन छात्र नहीं माना। पुलिस ने 250 से 300 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 9 लोगों को अभी गिरफ्तार किया गया है। मामले में उपद्रव की धारा भी जोड़ी गई है। बताया जा रहा है कि लड़का-लड़की एक दूसरे को दो साल से जानते थे। इससे पहले भी दोनों परिवारों में पंचायत हो चुकी थी।

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक अर्जुन साई नगर पार्ट 2 का रहने वाला था और गुरुवार की रात उसी स्कूल में पढ़ने वाली लड़की के घर मवई स्थित शिव शक्ति एन्क्लेव गया था, जहां यह घटनाक्रम हुआ। लड़के के पिता भूषण ने बताया कि वह मूल रूप से बिहार के नालंदा के रहने वाले हैं और पिछले करीब 18 सालों से फरीदाबाद के साई नगर में रह रहे हैं। अर्जुन उनका दूसरे नंबर का बेटा था। उसका एक बड़ा भाई और तीन बहने हैं। गुरुवार को 2 बजे बेटा स्कूल से आया था। करीब ढाई बजे एक युवक उसको बुलाकर ले गया। शाम साढ़े 4 बजे एक महिला ने उनको आकर बताया कि उसके बेटे की मौत हो गई। इसके बाद वह लड़की के घर पहुंचे, जहां पर उसके बेटे का शव रस्सी से लटका हुआ था।

मामा का झगड़ा सुलझाने उतरे बाउंसर की पीट-पीटकर हत्या, 24 पर केस

फरीदाबाद। तिलपत गांव में नूंह जिले के बीसरू गांव के बाउंसर वली मोहम्मद की लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई। युवक करीब चार साल बाद अपने मामा ताहिर के घर गृहप्रवेश के कार्यक्रम में आया था। यहां पड़ोस के एक ही एक युवक से मामा के परिवार का बाइक टकराने को लेकर विवाद हो गया। इस बीच बाउंसर वली मोहम्मद (25) बीच-बचाव करने आ गया। साहिल ने उस पर रॉड से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी से भी उस पर कई वार किए गए। छतों से उसके सिर पर भी ईंट बरसाई गई। पुलिस ने मामले में 24 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वली मोहम्मद गांव में अखाड़ा चलाते थे। उनके 2 बच्चे हैं।



18 साल पुराने मामले में फैसला

दवा में गड़बड़ी पर कंपनी के 3 अधिकारियों को 4-4 साल कैद

हिसार (हरिभूमि न्यूज)। अदालत ने दवा की गुणवत्ता से जुड़े करीब 18 साल पुराने मामले में गुजरात की दवा निर्माता कंपनी लिंकन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के तीन अधिकारियों को दोषी करार देते हुए चार-चार साल की सजा सुनाई है। दोषियों में मुकेश, महेश और निलेश शामिल हैं। अदालत ने तीनों पर 40-40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2008 का है। उस समय तत्कालीन ड्रग इंस्पेक्टर रमन ने संबंधित दवा का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा था। जांच रिपोर्ट में दवा में एबीटोल साल्ट निर्धारित मात्रा से कम पाया गया था। शिकायत के अनुसार, दवा में साल्ट की मात्रा निर्धारित स्तर से करीब 20 से 25 प्रतिशत तक कम थी। एबीटोल का उपयोग भूख बढ़ाने वाली दवा के रूप में किया जाता है। जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन ड्रग इंस्पेक्टर ने वर्ष 2008-09 में अदालत में शिकायत दायर की थी। इसके बाद मामले में लंबे समय तक सुनवाई चली।


पुलिस की चोर गिरोह से मुठभेड़ एक को पैर में गोली मारकर पकड़ा

कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)। पलवल गांव में ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने पहुंचे दो आरोपियों और सीआईए -1 की टीम के बीच मुठभेड़ हो गई। घटना रात करीब पौने 12 बजे की है। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच हुई फायरिंग में पानीपत निवासी आरोपी यशपाल (59) की टांग में गोली लगी, जबकि उसके साथी इंदल ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। घायल यशपाल को कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से करीब चार से पांच राउंड फायरिंग हुई है। इस मामले में थाना शहर थानेसर में केस दर्ज किया गया है।



40 लाख खर्च कर डंकी रूट से अमेरिका गए करनाल के युवक की ट्राला पलटने से मौत

करनाल। अमेरिका में ट्राला पलटने से करनाल जिले के शेखपुरा गांव निवासी 25 वर्षीय जतिन की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार बेटे का अंतिम दर्शन करने और उसका शव भारत लाने के लिए सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगा रहा है। परिजनों के अनुसार, जतिन वर्ष 2022 में करीब 40 लाख रुपये खर्च कर डंकी रूट के जरिए इंग्लैंड गया था। वहां से वह ट्राला चलाने के काम के सिलसिले में अमेरिका पहुंचा। बुधवार अलसुबह अमेरिका में ट्राले का संतुलन बिगड़ने से वाहन पलट गया। हादसे में जतिन के सिर में गंभीर चोट लगी। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के मुताबिक, हादसे से करीब पांच घंटे पहले जतिन ने अपने पिता रामपाल से फोन पर बात की थी। जतिन के परिवार में पिता रामपाल, मां रेखा, बड़ा भाई साहिल और एक छोटी बहन हैं। परिवार खेतीबाड़ी करता है।



एबीआरवाई योजना में 2.24 करोड़ का फर्जीवाड़ा, कंपनी पर केस दर्ज

फरीदाबाद। कोरोना काल के बाद रोजगार बढ़ाने के लिए शुरू की गई आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना में कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ईपीएफओ ने सूरजकुंड थाना क्षेत्र स्थित टेक्निकल पावर कॉरपोरेशन के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। कंपनी पर आरोप है कि उसने कर्मचारियों के वेतन से पीएफ की राशि काटी और इसके बावजूद उन्हीं कर्मचारियों के नाम पर सरकार की ओर से एबीआरवाई योजना के तहत मिलने वाले ईपीएफ का लाभ भी हासिल किया। ईपीएफओ के मुताबिक यह योजना के नियमों के विपरीत है। मामले की जांच के दौरान ईपीएफओ अधिकारियों ने कंपनी के वेतन रिकॉर्ड और बैंक स्टेटमेंट खंगाले। इसी प्रक्रिया में कथित अनियमितता सामने आई। विभाग के अनुसार कंपनी ने योजना के तहत करीब 2.24 करोड़ रुपये का अनुचित लाभ लिया। इसके खिलाफ पुलिस में शिकायत देकर केस दर्ज करवाया गया।

कंपनी ने कर्मचारियों के खाते से भी काट लिया पीएफ व सरकार से भी लिया योजना का लाभ



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: HISSAR: Ashwani Honda - 9992220142; **NARNAUND:** 9996786352; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896555630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9812746500; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 8607200651; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 7056661424; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9416027672; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **PINJORE:** Sukhija Honda - 7206111444; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9311485006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056575100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

खबर संक्षेप

रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 96.71 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 17 पैसे मजबूत होकर 96.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। एशियाई मुद्राओं में व्यापक मजबूती के रुख के साथ अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में मामूली नरमी से रुपये को मजबूती मिली। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान से बाजार में दबाव कम हुआ कि अमेरिका नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा। इसके बाद अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ और कच्चे तेल की कीमतों में भी नरमी आई। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप से भी रुपये को समर्थन मिला।

कोचीन शिपयार्ड को मिला 40 पोत बनाने का ऑर्डर

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को अमेरिका, जर्मनी, नॉर्वे और अन्य देशों से 40 से अधिक पोत बनाने के ऑर्डर मिले हैं। पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने यह जानकारी दी। सोनोवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पोत या जहाज निर्माण के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा, 'पोत निर्माण के लिए हमें जो ज्यादातर ऑर्डर मिल रहे हैं, वे जर्मनी, अमेरिका और नॉर्वे जैसे देशों से कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) को मिल रहे हैं।

अरबपतियों की सूची में उथल-पुथल, बेजोस बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के अरबपतियों की सूची में उथल-पुथल देखने को मिल रही है। अंतरिक्ष कारोबार में निवेश से जेफ बेजोस की संपत्ति बढ़कर 365 अरब डॉलर हो गई है और वह लैरी पेज को पछाड़कर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हो गए हैं। हालांकि, एलन मस्क अब भी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, लेकिन अब वह खरबपति नहीं रहे। उनकी दौलत घटकर 987 अरब डॉलर रह गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के लेटेस्ट डेटा के मुताबिक, बेजोस की कुल संपत्ति अब 365 अरब डॉलर हो गई है। इसके साथ ही वह दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने अल्फाबेट के सह-संस्थापक लैरी पेज को पीछे छोड़ दिया है। पहले स्थान पर एलन मस्क हैं, जिनकी संपत्ति 987 अरब डॉलर बताई गई है।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स ने जारी की नई सूची, एलन मस्क सबसे अमीर पर नहीं रहे खरबपति

बेजोस के नेटवर्थ में उछाल का कारण

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी ब्लू ओरिजिन की वैल्यूएशन 140 अरब डॉलर पहुंचने के बाद उनकी संपत्ति में 80 अरब डॉलर यानी करीब 7.74 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। यह दुनिया के सबसे बड़ा नेटवर्थ ग्रोथ में से एक है। जेफ बेजोस ने वर्ष 2000 में ब्लू ओरिजिन की स्थापना की थी। कंपनी ने हालिया फंडिंग राउंड में पहली बार बाहरी निवेशकों से इक्विटी कैपिटल जुटाई।



कंपनी में जेफ की हिस्सेदारी करीब 93 प्रतिशत

इस फंडिंग के बाद कंपनी की वैल्यूएशन 140 अरब डॉलर आंकी गई। ब्लूमबर्ग के अनुसार, कंपनी में बेजोस की हिस्सेदारी करीब 93 प्रतिशत है। इस वैल्यूएशन के आधार पर कंपनी में उनकी हिस्सेदारी का अनुमान पहले से काफी बढ़ गया है। यही बढ़लाव उनकी कुल संपत्ति के आकलन में उछाल की प्रमुख वजह बना है।

स्पेसएक्स से मुकाबला

एलन मस्क की स्पेसएक्स अंतरिक्ष कारोबार में अब भी बड़ी खिलाड़ी है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, स्पेसएक्स ने पिछले साल करीब 18.7 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित किया, जबकि ब्लू ओरिजिन का रेवेन्यू लगभग 800 मिलियन डॉलर रहा। दोनों कंपनियां रॉकेट लॉन्च, स्पेस और मून से जुड़े प्रोजेक्ट्स में मुकाबला कर रही हैं। निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी ने इस सेक्टर की कंपनियों की वैल्यूएशन और उनके संस्थापकों की संपत्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

मस्क 1.05 ट्रिलियन डॉलर से घटकर 987 बिलियन डॉलर पर आए

एलन मस्क का नेटवर्थ अब 1.05 ट्रिलियन डॉलर से घटकर अब 987 बिलियन डॉलर हो गया है। इसके बावजूद वह ताइवान, बेल्जियम, स्वीडन, इजरायल, अर्जेंटीना, सिंगापुर, आस्ट्रिया, यूएई जैसे सैकड़ों देशों से भी अमीर हैं। आईएमएफ के मुताबिक ताइवान की जीडीपी अभी 976.72 अरब डॉलर है। जबकि, आयरलैंड की जीडीपी 779.38 अरब डॉलर। बेल्जियम की जीडीपी भी एलन मस्क के नेटवर्थ से अभी कम है। इसकी जीडीपी 776.73 अरब डॉलर है।

निफ्टी भी 288.65 अंक बढ़कर 22,520.45 अंक पर बंद हुआ

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला

आईटी शेयरों की अगुवाई में लौटी तेजी, सेंसेक्स 879 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 879 अंक चढ़कर बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 879.09 अंक बढ़कर 72,472.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,075.96 अंक चढ़कर 72,669.20 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 288.65 अंक बढ़कर 22,520.45 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी का शेयर 4.78 प्रतिशत चढ़ा, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 4.23 प्रतिशत की तेजी आई। टीसीएस का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने आगे भी वृद्धि की गति बने रहने का संकेत दिया है।



रिलायंस इंडस्ट्रीज का ही शेयर गिरावट में बंद हुआ

इनके अलावा अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी प्रमुख लाभ में रहे। सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज का ही शेयर गिरावट में बंद हुआ। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.32 प्रतिशत गिरकर 102.9 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"हाल की तेज गिरावट के बाद निचले स्तर पर खरीदारी आने और शॉर्ट कवरिंग के लिए की गयी लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में राहत की तेजी आई। दूसरी तिमाही के नतीजों की अच्छी शुरुआत और कृत्रिम मेधा (एआई) से आय बढ़ने की संभावनाओं पर भरोसा बढ़ने से आईटी शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया।"

बाजार बढ़त बनाने में सफल रहा

साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 562.63 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की बढ़त लेने में सफल रहा जबकि एनएसई निफ्टी ने 98.5 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की तेजी हासिल की। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"पिछले सत्र में भारी गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौटी।

टीसीएस के नतीजों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया

टीसीएस के नतीजों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया से आईटी शेयरों को समर्थन मिला। इसके अलावा बैंकिंग, एफएमसीजी और वाहन कंपनियों के शेयरों में भी खरीदारी देखी गई। ब्रेंट क्रूड भी हाल के उच्च स्तर से नीचे आ गया।/" एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

6जी रोलआउट करने वाले देशों में होगा भारतः जियो

नई दिल्ली। 6जी पर भारतीय टेलीकॉम दिग्गज जियो ने तैयारी तेज कर दी है। जियो का दावा है कि 2030 में जब दुनिया 6जी के स्टैंडर्ड फाइनल करेगी, तब भारत इसे रोलआउट करने वाले शुरुआती देशों में शामिल होगा। कंपनी ने अपना प्री-6जी स्टैक और गीगा मीमो रेडियो भी तैयार किया है। इसे दिल्ली में चल रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 में शोकेस किया गया है।जियो के मुताबिक 6जी नेटवर्क की कैपेसिटी मौजूदा 5जी के मुकाबले 5 गुना तक ज्यादा हो सकती है। वहीं लेटेंसी को करीब 10 गुना कम करने का लक्ष्य है। आसान भाषा में कहें तो नेटवर्क एक साथ कहीं ज्यादा डेटा और यूजर्स संभाल सकेगा, जबकि किसी कमांड का जवाब मिलने में लगने वाला समय काफी कम हो सकता है और हां डेटा की स्पीड तो बढ़ेगी ही। इसका फायदा रियल टाइम एआई, होलोग्राफिक वीडियो, मैडिकल, एजुकेशन और दूसरी नई डिजिटल सेवाओं में दिख सकता है।आईएमसी में जियो द्वारा दिखाया गया गीगा मीमो रेडियो इस तैयारी का अहम हिस्सा है। जियो इसे भारत का पहला गीगा मीमो रेडियो बता रहा है। इसके साथ एक कॉमन बेसबैंड यूनिट भी दिखाई गई है, जो 5जी और 6जी दोनों के लिए काम कर सकती है। 6जी की रेस सिर्फ ज्यादा कैपेसिटी या कम लेटेंसी की नहीं है। इसके ग्लोबल स्टैंडर्ड और टेक्नोलॉजी तैयार करने में भागीदारी भी उतनी ही अहम होगी। जियो के मुताबिक कंपनी ने 8,000 से ज्यादा पेटेंट फाइल किए हैं, जिनमें सैकड़ों पेटेंट 6जी से जुड़े हैं।



जीएसटी की औसत दर घटकर 10.84 प्रतिशत

नई दिल्ली। पिछले साल सितंबर में जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद औसत जीएसटी दर घटकर 10.84 प्रतिशत रह गई है, जो 2023 में 11.4 प्रतिशत थी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक जुलाई, 2017 को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू किए जाने के समय राजस्व-तटस्थ दर 15.8 प्रतिशत आंकी गई थी।

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्रा.पा. ढाणी रतेरा (10544) पुरानी कंडम इमारत की नीलामी दिनांक 13.10.2026 को दोपहर एक बजे विद्यालय प्रांगण में होनी सुनिश्चित की गई है। बोली दाता को अग्रिम धरोहर राशि 7000/- जमा करवानी होगी। शेष नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/- विद्यालय प्रबंधन समिति
राजकीय प्राथमिक पाठशाला
ढाणी रतेरा (10544)
तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. Azad Singh
Civil Judge (Junior Division), Sonipat
Krishan
Vs.
M/S OMAXE CONSTRUCTION LTD COMPANY THROUGH ITS MANAGING DITECTOR
CNR No. HRSO02-001553-2018
Next Date :- 21.10.2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
VINOD GOYAL, AUTHORIZED SIGNATORY/OFFICIAL OF M/S OMAXE CONSTRUCTION LIMITED COMPANY HAVING ITS HEAD OFFICE AT 7, LOCAL SHOPPING COMPLEX, KALKA JI, NEW DELHI, AT PRESENT OFFICE AT KUNDLI, SONIPAT AND SUNIL GOYAL SON OF YAAD RAM GOYAL, OFFICIAL OF M/S OMAXE CONSTRUCTION LIMITED COMPANY HAVING ITS HEAD OFFICE AT 7, LOCAL SHOPPING COMPLEX, KALKA JI, NEW DELHI, AT PRESENT OFFICE AT KUNDLI, SONIPAT.
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **21.10.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Sonipat
Dated, this day of 07.10.2026

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. Sagar Sharma
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Narender Singh alias Naresh Kumar alias Naresh Singh
Vs.
General Public
Civil Suit No. 261 of 2026
CNR No. HRSOA0-000349-2026
Next Date :- 30.11.2026
Suit for Declaration
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **30.11.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 07.10.2026

ज्योतिष
कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

फ्यूजन सीएक्स का आईपीओ 14 अक्टूबर को खुलेगा

नई दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित ग्राहक अनुभव समाधान देने वाली कंपनी फ्यूजन सीएक्स लिमिटेड ने अपने 702 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 275-289 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को सार्वजनिक घोषणा में कहा कि आईपीओ 14 अक्टूबर को अभिदान के लिए खुलेगा और 16 अक्टूबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 13 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे।आईपीओ 500 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 202 करोड़ रुपये तक के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण होगा। कंपनी ने मई 2025 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल मसौदा विवरणपत्र में आईपीओ के जरिये 1,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई थी।

मुफ्त नमुनों और नष्ट की गई दवाओं पर ले पाएंगे सुविधा

दवा कंपनियों को अगले वर्ष से आईटीसी की सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दवा कंपनियां वित्त वर्ष 2027-28 से मुफ्त नमूनों तथा उपयोग की अवधि समाप्त होने पर नष्ट किए गए या बट्टे खाते में डाले गए सामान पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) ले सकेंगी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने बृहस्पतिवार को दवा उद्योग के लिए आईटीसी को युक्तिसंगत बनाने और कर रिफंड व्यवस्था में सुधार के प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। इन बदलावों से उद्योग के विनिर्माण, नकदी की उपलब्धता और निर्यात को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

- कर रिफंड के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी

जीएसटी कानून और नियमों में ये बदलाव वित्त वर्ष 2027-28 से प्रभावी होंगे। दवा उद्योग में डॉक्टरों को मुफ्त नमूने देना, अवधि समाप्त हो चुके भंडार का प्रबंधन करना और नियामकीय जरूरतों के तहत सामान का निपटान करना नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, नष्ट किए गए सामान पर आईटीसी की सुविधा उन्हीं मामलों में मिलेगी, जहां कानून के तहत सामान को नष्ट करना अनिवार्य है। ईवाई इंडिया में साझेदार और जीवन-विज्ञान एवं स्वास्थ्य सेवा कर प्रमुख आशीष जैन ने कहा कि इन प्रस्तावों से दवा फॉर्मूलेशन, टीके, जैविक उत्पाद, जांच संबंधी उत्पाद और उपभोक्ता स्वास्थ्य उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को विशेष लाभ होगा। इन कारोबारों में उत्पादों के नमूने देना, अवधि समाप्त होने वाले भंडार का प्रबंधन करना और विनिर्माण में बड़े निवेश करना आम है।

सोना 1,900 रुपये मजबूत, चांदी में भी 4,500 रुपये की तेजी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,900 रुपये चढ़कर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। डॉलर में गिरावट से निवेशकों की धारणा मजबूत होने के कारण सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। चांदी की कीमत में भी गिरावट का सिलसिला थम गया और यह 4,500 रुपये बढ़कर 2,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। बृहस्पतिवार को चांदी 3,000 रुपये टूटर थी, जबकि सप्ताह के शुरुआती तीन कारोबारी सत्रों में यह स्थिर रही थी। अमेरिकी डॉलर हाल के उच्च स्तर से नीचे आया, जिससे महंगाई को लेकर चिंताओं के बावजूद कीमती धातुओं की कीमतों को समर्थन मिला।



हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद
जिला शाखाः रेवाड़ी
नीलामी सूचना

तहसील परिसर, रेवाड़ी में स्थित एक दुकान को तहसील संबंधित कार्य के लिए एक वर्ष वास्ते किराये पर देने की खुली बोली दिनांक 16.10.2026 को सांय 3:00 बजे बाल भवन, रेवाड़ी में होगी। दुकान की बोली 15000/- रूपये मासिक किराया जीएसटी अलग से शुरू की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन दिनांक 15.10.2026 प्रातः 10:00 बजे तक बाल भवन, मॉडल टाउन, रेवाड़ी कार्यालय में 20000/- रूपये अमानत राशि के बैंक ड्राफ्ट (जिला बाल कल्याण परिषद, रेवाड़ी के नाम से) जमा करवाकर भाग ले सकता है। नियम एवं शर्तें कार्यालय Web Site:wwwdccwrewari.com. पर उपलब्ध है।

हस्ता/-जिला बाल कल्याण अधिकारी
रेवाड़ी

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

शब्द पहेली - 6373




बाएँ से दाए
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

ऊपर से नीचे
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

शब्द पहेली - 6372 का हल

	ज	हा	ल	त		नि	ड	र	
क	प		क्ष्य		आ	स	रा		मा	मा
ल			ही	र	क		ला			हि
प	रा	धी	न	ता		द		अ	सु	र
ना		र		लू	ट	मा	र		ई	
	सा	ज						सा	या	
	ब		फि	त	र	त		ह		मा
का	न	न		ल		न	क	ब	ज	न
फि			ब		शा	य	र			हा
र	बा		च	म	न		त		श	नि
	द	म	न			रो	ब	दा	र	



भारत मंडपम में यूपीएससी के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री

आप सभी युवा एक साथ राष्ट्र के भविष्य के मुख्य निर्माता और प्राथमिक लाभार्थी होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के शताब्दी समारोह में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह 100 साल का उत्सव वास्तव में लाखों युवाओं की अपार आकांक्षाओं और संस्था पर प्रत्येक भारतीय के अटूट विश्वास का उत्सव है। उन्होंने बदलती पीढ़ियों, सरकारों, प्रौद्योगिकियों और पाठ्यक्रम के बावजूद संस्था की अटूट विश्वसनीयता की सराहना की और इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट, एक विशेष सिक्का और 100 अहम केस कानूनों का संकलन जारी किया।



प्रधानमंत्री का स्वागत करते संस्थान के अधिकारी

विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में जुटें

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में चयन आयोगों की महत्वपूर्ण भूमिका का विस्तार से वर्णन करते हुए इस बात पर बल दिया कि आज भर्ती किए गए युवा एक साथ राष्ट्र के भविष्य के मुख्य निर्माता और प्राथमिक लाभार्थी होंगे।

प्रशिक्षु अधिकारी मूल प्रेरणाओं को लिख लें

नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी मूल प्रेरणाओं को लिख लेना चाहिए ताकि भविष्य में आने वाली चुनौतियों और जिम्मेदारियों के समय वे आत्म-मूल्यांकन के लिए इनका उपयोग कर सकें।

65 साल बाद सैनिक को मौत की सजा का पहला मामला

जहां की थी 13 हत्याएं, आरोपी को वहीं मारी जाएगी गोली, यूएस में पहली बार लाइव प्रसारण

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में पहली बार मौत की सजा को लाइव टीवी पर दिखाया जाएगा। पूर्व आर्मी मेजर निदाल हसन को गोली मारकर मौत की सजा दी जाएगी। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि इस सजा का लाइव टेलिकास्ट किया जाएगा, ताकि आम लोग इसे देख सकें। बीबीसी के मुताबिक, 100 साल में यह अमेरिका में पहली सार्वजनिक तौर पर दी गई मौत की सजा होगी।

हसन ने 2009 में टेक्सास के सैन्य अड्डे पर धार्मिक नारा लगाते हुए गोलीबारी की थी, जिसमें 13 सैनिकों की मौत हो गई थी। हसन को 3 दिसंबर को यहीं मौत की सजा दी जाएगी। हेगसेथ ने एक इंटरव्यू में कहा कि हसन को सैनिकों की एक टुकड़ी गोली मारकर मौत की सजा देगी। हेगसेथ ने कहा, 'हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लोग इसे देख सकें और यह सार्वजनिक हो। लोगों को समझना चाहिए कि इस तरह के कामों के गंभीर नतीजे होते हैं।'

हमले के बाद माना था- जिहाद के लिए किया

गौरतलब है कि 5 नवंबर 2009 को सेना के मनोचिकित्सक मेजर निदाल हसन निजी पिस्तौल लेकर फोर्ट हुड सैन्य अड्डे पहुंचा और सैनिकों व अन्य लोगों पर अचानक गोलीबारी कर दी। यह अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हुई सबसे घातक सामूहिक गोलीबारी थी। उस समय अमेरिका अफगानिस्तान और इराक में युद्ध लड़ रहा था। गोलीबारी में हसन भी घायल हुआ और कमर के नीचे से लकवाग्रस्त हो गया।



हमले को जहां अंजाम दिया वहीं भुगतेगा परिणाम

पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने बताया था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हसन को मौत की सजा देने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद सेना ने सजा को अमल में लाने की दिशा में जरूरी प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं। कार्यवाहक सेना सचिव एडम टेल के मुताबिक, सजा टेक्सास के फोर्ट हुड सैन्य अड्डे पर ही दी जाएगी, जहां हसन ने 2009 में इस जानलेवा हमले को अंजाम दिया था।

निंदा और तिरस्कार को भगवान की कृपा मानिए और शांत रहें: प्रेमानंद

वृंदावन। यहां के संत प्रेमानंद महाराज ने साधकों और शिष्यों को



विरोध होने पर संयम बरतने और चुप रहकर परिस्थितियों का सामना करने की सीख दी है। उन्होंने संदेश दियाजब समाज में अपमान, निंदा और तिरस्कार का सामना करना पड़े तो उसे भी भगवान की कृपा के रूप में स्वीकार करे। वीडियो सामने आने के बाद यह चर्चा का विषय बना है।

होमगार्ड ने पत्नी-बेटी की गला दबाकर हत्या की

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के भोला खेड़ा में शुक्रवार तड़के एक होमगार्ड ने अपनी पत्नी और बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी ने खुद पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कृष्णानगर इंस्पेक्टरने बताया कि रविंद्र शंकर होमगार्ड है।

कैंची धाम में पंजीकरण अनिवार्य होगा: धामी

हल्द्वानी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश व्यापारी सम्मेलन में प्रतिभाग किया। राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के सभागार में कैंची धाम में उमड़ रही भीड़ को लेकर कहा कि जाम से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले लोगों को सच में बड़ी परेशानी हो रही है। सरकार व्यवस्था को व्यवस्थित करने लगातार प्रयास कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने आपराधिक कार्रवाई रद्द की

ब्रेकअप के बाद कोई आत्महत्या कर ले तो इसे उकसाना नहीं कहा जा सकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला की आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही रद्द की। महिला के पार्टनर ने कथित तौर पर उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि शादी से इनकार करना, भले ही उसके बाद आत्महत्या हो जाए, अपने आप में भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला नहीं बनता। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि लोग स्थितियों पर अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया देते हैं और ब्रेकअप के बाद आत्महत्या करने को अपने आप आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता।

आत्महत्या के लिए उकसाने का सबूत नहीं : कोर्ट

कोर्ट ने आगे कहा शादी से इनकार करने का मकसद महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करना नहीं है और न ही आरोपियों को यह पता होने का आरोप लगाया जा सकता है कि इनकार करने पर वह आत्महत्या कर लेगी। कोर्ट ने कहा "हमें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे लगे कि आरोपी/अपीलकर्ताओं ने मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाया हो।

तापी नदी में मिला नवविवाहित दंपति का शव, जंजीरों से बंधे थे पैर

मुंबई। महाराष्ट्र के धुले जिले के सावलदे इलाके से एक बेहद दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। तापी नदी के तट से एक नवविवाहित दंपति के शव बरामद हुए हैं, जिनके पैर लोहे की भारी जंजीरों से बंधे थे और उस पर ताला लगा था। मृतक दंपति ने कुछ महीने पहले ही परिवार की मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह किया था, जिसके बाद से दोनों लापता थे। इस भयावह घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।



क्या है पूरा मामला?

धुले पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान जलगांव जिले के अमलनेर तालुका निवासी श्याम हरि पाटिल और सपना पाटिल के रूप में हुई है।

खुद को जंजीरों से बांधकर कूदने का संदेह

पुलिस का अनुमान है कि दोनों ने परिवार के दबाव और सामाजिक बहिष्कार के कारण आत्महत्या की होगी और साथ में मरने के लिए पैरों में जंजीर बांधकर नदी में कूद गए होंगे। इसी तरह पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं दोनों के परिवार वालों ने झूठी शान के लिए उनका अपहरण कर हत्या तो नहीं कर दी।

अमेरिका ने मुंबई की 2 कंपनियों और 5 भारतीयों पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने मुंबई में स्थित 2 कंपनियों और 5 भारतीय नागरिकों पर ईरान के साथ तेल व्यापार करने के आरोप में प्रतिबंध लगा दिया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरान से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात को सुविधाजनक बनाने के लिए एसएसपीएल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और समुद्र मरीन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को निशाना बनाया है। अमेरिका ने भारतीय कंपनियों पर कार्रवाई तेहरान के खिलाफ 'ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट' के तहत की है, जिससे ईरान को आर्थिक रूप से कमजोर किया जा सके।

ईरान संग व्यापार पर दिखाई सख्ती



इन 5 भारतीय नागरिकों पर भी प्रतिबंध

रिपोर्ट के मुताबिक, एसएसपीएल सॉल्यूशंस से जुड़े ध्वनि और निसर्ग वोरा और समुद्र मरीन सर्विसेज से जुड़े केतन कोचीकर, भूपेंद्र सिंह साहू और हरिश्याम हरिहरन चुंडाकट्टिल को उनकी संबंधित फर्मों से संबंधित लेनदेन करने से रोक दिया गया था। अमेरिकी विभाग के मुताबिक, उसने ईरानी मूल के पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के व्यापार के संबंध में कुल 10 कंपनियों, 6 व्यक्तियों और 5 जहाजों पर प्रतिबंध लगाया है। कंपनियों पर ईरान को लाखों डॉलर पहुंचाने का आरोप है।

प्रश्नपत्र लीक मामला

ईडी का ओडिशा व बंगाल में 10 ठिकानों पर छापा

भुवनेश्वर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ओडिशा में 2024 में उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के मामले में शुक्रवार को राज्य और पश्चिम बंगाल में 10 ठिकानों पर छापेमारी की। भुवनेश्वर स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने ओडिशा में 8 और पश्चिम बंगाल में 2 ठिकानों पर तलाशी ली। मामला अक्टूबर 2025 में ओडिशा पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है। पिछले साल 30 अक्टूबर को प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों में पुलिस ने आंध्र प्रदेश-ओडिशा सीमा के पास इच्छापुरम में 114 अभ्यर्थियों को ले जा रही 3 बसों को रोका था। यह परीक्षा 5-6 अक्टूबर, 2025 को होनी थी। अभ्यर्थियों को 15 लाख से 30 लाख तक की रकम के बदले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का वादा किया गया था।

■ चालक को अचानक दिल का दौरा पड़ गया

बस चालक ने बचाई 40 जिंदगियां स्टेयरिंग पर ही थम गईं सांसें

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

आंध्र प्रदेश में 8 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम बस चला रहे 34 साल के चालक जेटी शिवा को अचानक दिल का दौरा पड़ गया।

बेहद दर्द होने के बावजूद, उन्होंने तुनी के पास बस को सुरक्षित तरीके से किनारे लगाया और करीब 40 यात्रियों को कोई नुकसान पहुंचने से पहले खुद स्टीयरिंग पर अचेत हो गए।



एपीएसआरटीसी ने की शिवा की तारीफ

शिवा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। एपीएसआरटीसी के अध्यक्ष ने कहा कि शिवा ने असाधारण साहस और जिम्मेदारी का परिचय दिया है। उन्होंने यह भी वादा किया कि इस मुश्किल घड़ी में कॉर्पोरेशन शिवा के परिवार के साथ खड़ा रहेगा और उनकी हर संभव मदद करेगा।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in दूरभाष: 011-26766700

सत्यमेव जयते

INDIAN Carbon MARKET

PAT SCHEME PERFORM, ACHIEVE & TRADE

27 अधिसूचित क्षेत्रों के ऊर्जा उपयोगकर्ता कृपया ध्यान दें:

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52)
के अधीन वार्षिक ऊर्जा उपभोग रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु नोटिस

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ड़) के अधीन का.आ. 394 (अ) दिनांक 12 मार्च 2007, का.आ. 3542 (अ) दिनांक 29 दिसम्बर, 2015 का.आ. 1388 (अ) दिनांक 02 मई, 2017 का.आ. 3600 (अ) दिनांक 15 नवम्बर, 2017, का.आ. 968 (अ) दिनांक 22 फरवरी, 2019, का.आ. 2147 (अ) दिनांक 17 जून, 2020, का.आ. 3445 (अ) दिनांक 28 सितंबर, 2020,का.आ. 4165 (अ) दिनांक 07 सितंबर, 2022, का.आ. 2523 (अ) दिनांक 06 जून, 2023 के अंतर्गत निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों के सामने दर्शाई गई वार्षिक ऊर्जा खपत की विनिर्दिष्ट सीमा और उससे अधिक की ऊर्जा खपत वाले ऊर्जा गहन क्षेत्रों में सभी उपयोगकर्ताओं / उपयोगकर्ताओं के वर्ग को उपभोक्ताओं के रूप में अधिसूचित किया गया है।

क्र. सं.	अधिसूचित क्षेत्र	मीट्रिक टन तेल के समकक्ष (एमटीओई) प्रति वर्ष ऊर्जा की न्यूनतम खपत
1.	एल्यूमिनियम	7,500
2.	सीमेंट	
	(क) एकीकृत सीमेंट यूनिट	30,000
	(ख) सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट	10,000
3.	वाणिज्यिक भवन या स्थापनाएं	
	(क) होटल	500
	(ख) हवाई अड्डा	500
4.	क्लोर–अल्कली	12,000
5.	विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम)*	एसईआरसी/जेईआरसी द्वारा सभी अनुज्ञप्तिधारी वितरण कंपनियां
6.	उर्वरक	30,000
7.	लौह और इस्पात	20,000
8.	लुगदी और कागज	7,500
9.	पेट्रोलियम रिफाइनरियां	90,000
10.	पेट्रोकेमिकल इकाइयाँ गैस क्रैकर या नेफ्था क्रैकर या दोनों	1,00,000
11.	रेलवे	
	(क) सभी जोनल रेलवे (ट्रैक्शन)	70,000
	(ख) कर्मशालाएं	750
	(ग) रेलवे की 8 उत्पादन फैक्टरियां नामतः आईसीएफ, आरसीएफ, सीएलडब्ल्यू, बीएलडब्ल्यू पीएलडब्ल्यू, आरडब्ल्यूएफ, एमसीएफ और आरडब्ल्यूपी	-
12.	वस्त्र	3,000
13.	थर्मल पॉवर स्टेशन	30,000
14.	पेट्रोकेमिकल विनिर्माण इकाइयाँ	
	(1) फाइबर इंटरमिडिएट्स	50,000
	(2) पॉलिमर	10,000
	(3) डिटर्जेंट इंटरमिडिएट्स	9,000
	(4) परफोरमेंस प्लास्टिक	3,000
	(5) अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पाद	6,000
	(6) सिंथेटिक रबर	15,000
	(7) सुगंधित पदार्थ	20,000
15.	चीनी	10,000
16.	रासायन	
	(1) अल्कली रसायन (सोडा ऐश, पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड);	3,000
	(2) अकार्बनिक रसायन ;	3,000
	(3) कार्बनिक रसायन ;	3,000
	(4) कीटनाशक (तकनीकी);	3,000
	(5) डाई और पिगमेंट ;	3,000
	(6) फार्मास्यूटिकल्स (सक्रिय फार्मास्युटिकल तत्व)	3,000
17.	सिरेमिक	5,000
18.	ग्लास	10,000
19.	जस्ता	20,000
20.	ताँबा	10,000
21.	पोर्ट ट्रस्ट	500
22.	डेरी	2,500
23.	ऑटोमोबाइल असेंबली यूनिट	3,000
24.	टायर विनिर्माता	7,000
25.	फोरजिंग	1,500
26.	फाउंड्री	5,000
27.	रीफ्रैक्टरीज	3,000

केन्द्रीय सरकार के का.आ. 1409 (अ) दिनांक 28 मार्च, 2018, का. आ. 1473 (अ) दिनांक 29 मार्च, 2019, का.आ. 1254 (अ) दिनांक 13 अप्रैल, 2020, का.आ. 4491 (अ) दिनांक 26 अक्तूबर, 2021, का.आ. 4552 (अ) दिनांक 26 सितंबर, 2022, का.आ. 2794 (अ) दिनांक 27 जून, 2023 के अधीन अधिसूचित, संबंधित क्षेत्रों के अंतर्गत सूचीबद्ध सीमा से अधिक ऊर्जा खपत करने वाली सभी इकाइयों / प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि वे ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (1) के अन्तर्गत अधिसूचित प्ररूप 1 में पिछले दो वर्षों अर्थात् वर्ष 2021–22 और 2022–23 के लिए अपने वार्षिक उत्पादन के साथ-साथ वार्षिक ऊर्जा खपत की स्थिति पर ऊर्जा प्रबंधक / मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित रिपोर्ट संबंधित राज्य नामित एजेन्सी को प्रस्तुत करें जिसकी एक प्रति ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को भी पृष्ठांकित की जाए।

संबंधित क्षेत्र के लिए लागू आवश्यक प्रोफॉर्मा या प्ररूप–। की प्रति **https://beeindia.gov.in/en/pat-proforma.** से डाउनलोड की जा सकती है।

यदि कोई व्यक्ति 31 दिसम्बर, 2026 तक वार्षिक खपत आदि की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो वह ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 26 के अन्तर्गत दण्ड के लिए उत्तरदायी होगा।

अधिक जानकारी / प्रश्न के लिए कृपया फोन नं. 011-26766700 पर संपर्क करें या **newdc@beeindia.gov.in** पर मेल भेजें।

CBC 34106/11/0017/2627

मिशन निदेशक, एनएमईईई

Subscribe and follow: beeindiadigital / bureauofenergyefficiency

महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न केस

बृजभूषण और विनोद कोर्ट में पेश

भाषा ⏭ नई दिल्ली



महिला पहलवानों से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व सचिव विनोद तोमर को बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दोनों आरोपी कोर्ट में पेश हुए। दिल्ली पुलिस ने मामले में अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। वहीं, बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर की ओर से भी शुक्रवार को जवाब दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 28 अक्टूबर की तारीख तय की है। सुनवाई के दौरान एमपी/एमएलए सेशन कोर्ट के जज दिग्विनय सिंह ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि वह इस मामले में दायर अपील पर अपना पक्ष रखना चाहती है या नहीं। इस पर पुलिस की ओर से कहा गया कि जवाब दाखिल करने से पहले संबंधित अधिकारियों के साथ आंतरिक स्तर पर चर्चा करना जरूरी है। इसके लिए कोर्ट से अतिरिक्त समय मांगा गया, जिसे मंजूर कर लिया गया। दिल्ली पुलिस को अब 28 अक्टूबर से पहले अपना जवाब दाखिल करना होगा। बृजभूषण सिंह को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देते हुए 25 सितंबर को आपराधिक अपील दायर की गई थी। पहलवानों ने अपनी याचिका में कहा है कि बरी किए जाने का फैसला कानूनी रूप से सही नहीं है। उन्होंने दलील दी कि यह फैसला रिकॉर्ड में मौजूद साक्ष्यों के "स्पष्ट रूप से गलत और चुनिंदा आकलन" तथा अनुमानों और अटकलों पर आधारित है तथा इसमें कानून के स्थापित और बाध्यकारी सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया है।

राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम में रक्षा मंत्री बोले

मन में मर्यादा न हो, तो शक्ति अधूरी राष्ट्रीय चेतना के बगैर विकास अधूरा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे पास मिसाइल हों, लेकिन मन में मर्यादा न हो, तो शक्ति अधूरी है। हमारे पास एआई हो लेकिन राष्ट्रीय चेतना न हो, तो विकास अधूरा है। यही हमारी विशेषता है। यही भारत की शक्ति है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को दिल्ली में स्थित राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने लोगों संवाद करते हुए अध्यात्म पर अपने विचार रखे।



बड़प्पन सामर्थ्य में नहीं

यह मन का कलुष ही होता है, जो आए दिन राष्ट्र-विरोधी नारे लगाता है, और यह मानस की शुद्धि ही होती है जो राष्ट्र को अपना सर्वस्व मान बैठता है। बड़प्पन केवल शक्ति और सामर्थ्य में नहीं, बल्कि सहनशीलता, उदारता और सबको साथ लेकर चलने की क्षमता में भी होता है। हमारे धर्मशास्त्रों, पुराणों से लेकर आज तक, हमारे संविधान, हमारी भारतीय न्याय संहिता, ये सब हमारे समाज के मानस की शुद्धि का कार्य करते हैं। ये हमें बताते हैं कि क्या उचित है, क्या अनुचित है। ये हमें दिशा देते हैं। ये हमें सभ्य बनाए रखते हैं।

पितृपक्ष में बलिदानियों का भी करें स्मरण

राजनाथ सिंह ने कहा कि जब हम पितृपक्ष में तर्पण करते हैं, तो हमें केवल अपने पूर्वजों का ही स्मरण नहीं करना चाहिए। हमें उन बलिदानियों का भी स्मरण करना चाहिए, जिन्होंने हमारी रक्षा के लिए अपने प्राण त्याग दिए। जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, वह कभी नहीं गिरता। जो राष्ट्र अपने बलिदानियों को स्मरण करता है, वह सदैव आगे बढ़ता है।

इथियोपिया के विदेश मंत्री से मिले जयशंकर

व्यापार, निवेश और डिजिटल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ⏭ अदीस अबाबा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में अपने समकक्ष गेडियन तिमोथेवोस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने शिक्षा, संस्कृति, व्यापार, निवेश और डिजिटल क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। दोनों ने वैश्विक घटनाक्रम, बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और भारत-अफ्रीकी संघ की साझेदारी को आगे बढ़ाने के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने कहा कि भारत और इथियोपिया के बीच रणनीतिक साझेदारी साझा मूल्यों, समान आकांक्षाओं और ऐतिहासिक दक्षिण-दक्षिण एकजुटता पर आधारित है। इथियोपिया के विदेश मंत्रालय ने भी इस मुलाकात को अहम बताया। की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों मंत्रियों ने शिक्षा एवं संस्कृति, व्यापार एवं निवेश और डिजिटलाइजेशन के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के तरीकों पर चर्चा की। मंत्रालय ने बताया कि भारतीय विदेश मंत्री ने भारत की मेजबानी में हाल ही में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इथियोपिया की प्रभावशाली भागीदारी की सराहना भी की।



जयशंकर और तिमोथेवास

वाणिज्य जहाजों पर हमला निंदनीय

समुद्री कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए 25 देशों ने की चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत और लाइबेरिया समुद्री कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए गठित 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स' का संयुक्त रूप से समन्वय कर रहे हैं। इस समूह की पहली बैठक न्यूयॉर्क में हुई थी, जिसकी सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री और लाइबेरिया के विदेश मंत्री ने की थी। जायसवाल ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र और काला सागर क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हुए कई हमलों की भारत ने कड़ी निंदा की है। इस मुद्दे पर हुई हालिया बैठक में करीब 25 देशों ने हिस्सा लिया। इन देशों का संबंध वाणिज्यिक जहाजरानी उद्योग या समुद्री समुदाय से है। उन्होंने कहा कि सभी देशों का साझा हित यह सुनिश्चित करना है कि जहाजों पर हमले बंद हों और समुद्र में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा बनी रहे।



रणधीर जायसवाल

यूएनएमओजीआईपी की प्रासंगिकता खत्म

भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजीआईपी) को लेकर पूछे गए सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में भारत का रुख लगातार एक जैसा रहा है। जायसवाल ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए शिमला समझौते के बाद यूएनएमओजीआईपी की प्रासंगिकता खत्म हो चुकी है। 1996 की गंगा जल बंटवारा संधि के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा कि नदी और जल से जुड़े सभी मुद्दों पर संयुक्त नदी आयोग के ढांचे के तहत चर्चा की जाती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार पर संयुक्त कार्य समूह की बैठक नई दिल्ली में गुरुवार और शुक्रवार को हुई। बैठक का नेतृत्व संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों ने किया। इसमें व्यापार से जुड़े मुद्दों और दोनों देशों के द्विपक्षीय एजेंडे में शामिल विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

पुतिन ने पेजेश्कियन को दिया युद्ध विराम में मदद का भरोसा

नई दिल्ली। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने गुरुवार को तुर्कमेनिस्तान में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान रूस ने ईरान को युद्ध की स्थिति समाधान में मदद का भरोसा जताया। यह मुलाकात स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल (सीआईएस) शिखर सम्मेलन और कैस्पियन सागर पर्यावरण शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेजेश्कियन से कहा कि हम जानते हैं कि ईरान उस संघर्ष को समाप्त करने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है, जो इस क्षेत्र में उसकी किसी गलती के बिना शुरू हुआ था। ईरान ने एक बार फिर इस स्थिति का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए नए प्रस्ताव पेश किए हैं।

नेपाल में नीचे जा गिरी स्कूल बस, 5 की मौत

काठमांडू। नेपाल के पश्चिमी शहर पोखरा में शुक्रवार सुबह एक स्कूल बस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। बस सुबह करीब 6:20 बजे कास्की जिले के पोखरा महानगरपालिका के वार्ड नंबर 28 स्थित ओखलेको भीर इलाके में सड़क से फिसलकर नीचे जा गिरी। यह बस कालिका इंग्लिश बोर्डिंग स्कूल की है। हादसे के समय बस में 17 छात्र, एक अन्य यात्री और चालक सवार थे। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। कास्की पुलिस अधीक्षक नवीन कार्की ने यह जानकारी दी।

समुद्री सुरक्षा, प्रशिक्षण, पेशेवर संपर्क व सहयोग बढ़ाने पर जोर

नैरोबी। भारत और केन्या ने पहली बार नौसेना स्टाफ वार्ता (नेवी स्टाफ टॉक्स) आयोजित की। केन्या के शहर मोम्बासा में हुई इस बैठक में दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा, प्रशिक्षण और पेशेवर आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 5 से 7 अक्टूबर तक चली इस वार्ता की संयुक्त अध्यक्षता भारतीय नौसेना के कमोडोर कार्तिक श्रीमल (विदेश सहयोग) और केन्याई नौसेना के उप कमांडर ब्रिगेडियर संकाले किसवा ने की। दोनों पक्षों ने नौसैनिक संबंधों को मजबूत करने और समुद्री साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

HAFED CATTLE FEED PLANT, ROHTAK
(A UNIT OF THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED)
TEL: 276709, FAX: 277101, E-mail: cfphfdrtk@hry.nic.in
Web-site: www.hafed.gov.in
HAFED

Corrigendum

This office was published e-tender for boundary wall of HCFP, Rohtak in news papers and uploaded on e-procurement Haryana site on dated 06.10.2026 but now due to some technical issues date will be extended from 12.10.2026 to 16.10.2026 with same term & condition which was published on dated 06.10.2026 in news paper.

General Manager, HCFP, Rohtak

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय जमालपुर (10546) खण्ड बवानी खेड़ा, जिला भिवानी

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि GMSPS जमालपुर तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी में 4 नकारा कमरों की बोली दिनांक 16.10.2026 को की जाएगी। अतः कोई भी व्यक्ति जो बोली में भाग लेना चाहता है तो वह दिनांक 16.10.2026 को सुबह 10:00 बजे विद्यालय परिसर में आकर बोली में भाग ले सकता हैं। बोली दाता को पहले 10,000/-रूपये (दस हजार रूपये मात्र) धरोहर राशि जमा करवानी होगी। कुल बोली का 25% उसी दिन व शेष 75% राशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करवानी होगी। शेष शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-हैड टीचर, GMSPS जमालपुर (10546), तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी, फोन नं. 9468127521
हस्ता/-प्रधान, विद्यालय प्रबन्धन समिति, GMSPS जमालपुर (10546), तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी, Email-gssgmalpur352@gmail

रा. प्राथमिक पाठशाला, सुमड़ा खेड़ा (10556) खण्ड बवानी खेड़ा, जिला भिवानी

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्रा.पा. सुमड़ा खेड़ा, तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी में 3 कमरों की बोली दिनांक 16.10.2026 को की जाएगी। अतः कोई भी व्यक्ति जो बोली में भाग लेना चाहता है तो वह दिनांक 16.10.2026 को दोपहर 1:00 बजे विद्यालय परिसर में आकर बोली में भाग ले सकता है। बोली दाता को पहले 30,000/- (तीस हजार रूपये मात्र) धरोहर राशि जमा करवानी होगी। कुल बोली का 25% उसी दिन व शेष 75% राशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करवानी होगी। शेष शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-हैड टीचर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, सुमड़ा खेड़ा (भिवानी)
हस्ता/-प्रधान, विद्यालय प्रबन्धन समिति, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, सुमड़ा खेड़ा (10556), तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी

राजकीय प्राथमिक पाठशाला, सिवाना (10538)

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला सिवाना (10538) तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी में 3 कंडम कमरे बरामदा सहित बोली दिनांक 15.10.2026 को 1:00 बजे की जाएगी। अतः कोई भी व्यक्ति जो बोली में भाग लेना चाहता है तो वह दिनांक 15.10.2026 को दोपहर 1:00 बजे विद्यालय परिसर में आकर बोली में भाग ले सकता है। बोली दाता को पहले 30,000/- रूपये (तीस हजार रूपये केवल) धरोहर राशि जमा करवानी होगी। कुल बोली का 25% उसी दिन व शेष 75% राशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करवानी होगी। शेष शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-हैड टीचर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, सिवाना (10538), मो. नं.- 9996870922
हस्ता/-प्रधान, विद्यालय प्रबन्धन समिति, सिवाना (10538), तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचपीजीसीएल	आरजीटीपीपी, खेदड़ (हिसार) में एनडीसीटी-II पर एफआरपी/ जीआरपी मैटेरियल का उपयोग करके टॉप हैंड रेलिंग को बदलना।	06.10.2026 27.10.2026	77,54,236/-	https://eauctions.hry.nic.in	7814688628

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50074/I/88/6 दि. 09.10.26

उत्तर रेलवे

ई–निविदा
खुली निविदा संख्या 29–अम्बाला/2026–27 दिनांक 09.10.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (Rs.)	अग्रिम राशि (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	अबोहर में RPF पोस्ट के लिए फर्नीचर और बिजली के काम के साथ 10 बेड वाले नए बैरक का निर्माण।	1,32,10,513	2,64,200	12 महीने	03.11.2026
2	लुधियाना –धुरी सेक्शन पर लुधियाना –गिल स्टेशन के बीच किमी 4/12–13 (राज्य सरकार–एमसी लुधियाना के लिए) पर आरसीसी बॉक्स (4.00 M X 2.50 M) के माध्यम से 1728 मिमी (ओडी) हल्के स्टील की पानी की पाइप लाइन को क्रॉस करना।	1,67,81,292	3,35,600	10 महीने	03.11.2026
3	ADEN/SIR के अधिकार क्षेत्र में आने वाले नौगांवा, न्यू मोरिंडा, मोरिंडा, कुराली, रूपनगर, भरतगढ़, कीरतपुर साहिब, आनंदपुर साहिब, नांगलडैम, ऊना हिमाचल, चुरारू टकराला, अंब अंदौरा और दौलतपुर चौक यार्ड में यार्ड ड्रेनेज में सुधार, Sr. DEN-IV/UMB के तहत 20 यार्ड्स में यार्ड सुधार कार्यों के संबंध में।	5,18,80,491	10,37,600	10 महीने	03.11.2026
4	अंबाला डिवीजन के अंबाला, खानालमपुरा, चंडीगढ़, बठिंडा और पटियाला यार्ड्स के लिए बी.जी ट्रैक पर 65 मिमी गेज मशीन क्रश्ड स्टोन बलास्ट की 36176.80 क्यूबिक मीटर की सप्लाई जिसे यार्ड/सेस पर विधिवत ढेर (Stack) करना तथा उक्त बैलास्ट को ट्रैक में डालना।	6,35,69,873	12,71,400	08 महीने	03.11.2026

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास– III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3524/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेल्वे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

नीलामी काटलोग सं.	कार्य का विवरण	नीलामी तिथि व समय
UMB-Mix-43-2026	धूलकोट रेलवे स्टेशन पर कुल 317.0625 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला दो–पहिया वाहन पार्किंग स्थल।	21.10.26 12:00:00
	अंबाला डिवीज़न के तहत घग्घर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 410 वर्ग मीटर का पार्किंग लॉट, जो दो–पहिया, तीन–पहिया और चार–पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए तय किया गया है।	
	गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 522.38 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
	धूलकोट में UP लाइन साइट के पास KM 205/3-5 के बीच कुल 5360 वर्ग मीटर क्षेत्र में एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार)	
	टापा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 344.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार)	
	पटियाला रेलवे स्टेशन पर पुराने गुड्स शेड के पास, कुल 1216 वर्ग मीटर क्षेत्र में व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
	उकलाना रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 232.5 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
	जमालपुर शैखान रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
	सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल 3899.25 वर्ग मीटर क्षेत्र में दो पार्किंग लॉट आवंटित किए जा रहे हैं: एक दूसरे प्रवेश द्वार (मुख्य पार्किंग) पर और दूसरा लकड़ी का पुल के पास (ड्राइवर/गार्ड रनिंग रूम के सामने। (साइट प्लान के अनुसार)	
	सरसावा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 407.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार)	

No. 23AC/393/Parking/Publications/2024 Date: 09.10.2026 3517/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुड़गाँव, हरियाणा-122050.
E-mail : roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar
Gurgaon, Haryana-122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1494 दिनांक :– 29/09/2026

संदर्भ :

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (73) कम्पनियों का नाम हरियाणा राज्य से हटाने के मामले में:

S.NO	Work Item	CIN	Company Name Hindi
1	AC5746592	U55101HR2023PTC109932	कॉम्फीनेस्ट एकोमोडेशंस प्राइवेट लिमिटेड
2	AC5755904	U67200HR2018PTC076852	एडीएसपी मार्केट समाधान इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड
3	AC5579686	U45400HR2014PTC051734	रयान डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
4	AC5731118	U43299HR2023OPC116007	ऑब्सिडियन एंटरप्राइजेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5754623	U63030HR2021PTC096305	ईवीकॉर्ड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5733857	U47210HR2026PTC142280	अल्फा ग्रोसर्स प्राइवेट लिमिटेड
7	AC5693376	U52100HR2025PTC133682	सेल्ससाल्ट प्राइवेट लिमिटेड
8	AC5694105	U78200HR2023OPC113547	श्रीकंठा मैनपावर (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
9	AC5708775	U62020HR2024PTC125207	टीएमआर एलायंस प्राइवेट लिमिटेड
10	AC5732327	U62099HR2026PTC140128	टैक्साइल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
11	AC5691629	U43222HR2023PTC111670	बूटस्पेस हाइड्रो टेस्टिंग एंड इंस्पेक्शन प्राइवेट लिमिटेड
12	AC5689138	U46306HR2023PTC112414	क्रोइया ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड
13	AC5677965	U29309HR2020PTC087718	स्टील प्ले इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड
14	AC5725588	U74999HR2018PTC074344	तेरुई बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड
15	AC5684352	U55209HR2018PTC075861	प्रीसाइज हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड
16	AC5670237	U72900HR2019PTC080389	एडिक्टियो प्राइवेट लिमिटेड
17	AC5738077	U35100HR2025PTC134550	धारा पावर ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड
18	AC5733585	U72900HR2017PTC071569	शेलहैच सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
19	AC5647596	U72900HR2020PTC090342	थर्टीन ग्लोबल इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड
20	AC5648230	U63122HR2026PTC142110	क्रॉसडील ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड
21	AC5592979	U74920HR1996PLC033291	कैंडेक्स सॉल्यूशंस लिमिटेड
22	AC5655091	U24302HR2022PTC101890	पार्वती ग्रामोद्योग हर्बल प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
23	AC5586290	U51909HR2021PTC098853	एकानी रिटेल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
24	AC5563432	U10799HR2023PTC117531	एसवाई फूड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
25	AC5534677	U90009HR2024PTC120866	प्रोमाडा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड
26	AC5228404	U74999HR2017PTC071519	टैक स्पोर्ट्जमंत्रा प्राइवेट लिमिटेड
27	AC5501478	U15490HR2021PTC093105	लैंटिलो न्यूट्रिशन प्राइवेट लिमिटेड
28	AC5478409	U80904HR2018OPC074943	वॉन ब्राउन (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
29	AC5278341	U69201HR2026OPC143378	अरसुवन टेक्नोलॉजीज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
30	AC5750926	U42101HR2023PTC109928	छाबड़ा ब्लू हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड
31	AC5625407	U74999HR2022PTC103314	एम.आर. सिटीजन सुविधा केंद्र प्राइवेट लिमिटेड
32	AC5581259	U35999HR2021PTC096470	प्रोकेस्ट इंडिया ऑटोमेशंस प्राइवेट लिमिटेड
33	AC5574305	U45500HR2017PTC067149	एसडब्ल्यूएस एडुइन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड
34	AC5634208	U19129HR2021PTC098323	बायोवॉकर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
35	AC5495296	U51900HR2022PTC108279	फ्रांसेस्को इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
36	AC5744889	U74999HR2020PTC089361	आर्क एसेंस प्राइवेट लिमिटेड
37	AC5733052	U73100HR2022OPC107083	आरजीएसवी रिसर्च (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
38	AC5715094	U51219HR2019PTC082166	क्रॉपफुल एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड
39	AC5716635	U46901HR2025PTC130540	इनवैंजेल्स टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
40	AC5740727	U55209HR2020PTC085829	सुप टू नट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
41	AC5706307	U45102HR2024PTC121050	किर्वशु प्राइवेट लिमिटेड
42	AC5701296	U52102HR2024PTC125263	आर्योस लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड
43	AC5734539	U70109HR2021PTC098413	हिमालयन पैराडाइम प्राइवेट लिमिटेड
44	AC5673891	U29299HR2020PTC091485	आइज़ॉन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड
45	AC5604181	U62099HR2024PTC124950	यूनिनेट्स एडटेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
46	AC5647173	U74140HR2011PTC098942	वाकोकू कंसल्टिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
47	AC5711278	U74999HR2016PTC066294	एमएससी आईटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
48	AC5642222	U56102HR2023OPC112493	क्रॉसओवर फूडवर्क्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
49	AC5642797	U18100HR2021PTC092716	बाउहाउस 5 डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड
50	AC5638616	U74999HR2018PTC074379	सीएमवाईके ऑफसेट एंड डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड
51	AC5602896	U71290HR2022PTC107172	इक्विपोरियम प्राइवेट लिमिटेड
52	AC5650495	U90009HR2023PTC110795	4 सीज़ प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड
53	AC5663372	U78100HR2023PTC111067	रिथ करियर इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड
54	AC5654600	U46524HR2024PTC126839	देवसर ओवरसीज हिसार प्राइवेट लिमिटेड
55	AC5648652	U74999HR2017PTC070284	ह्यूज लाइफस्टाइल सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
56	AC5568858	U15490HR2019PTC084083	कैवेडियम फूड एंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड
57	AC5585195	U31909HR2019PTC080848	एसएसडी पावर प्राइवेट लिमिटेड
58	AC5583288	U74999HR2016PTC058670	टेक मैग्मा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
59	AC5556134	U93000HR2010PTC041308	सेज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
60	AC5601269	U74900HR2013PTC051357	एचसीबीएस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड
61	AC5577899	U72900HR2018PTC075107	क्वर्टी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
62	AC5527218	U74999HR2016PTC065829	एडुस्केप लर्नर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
63	AC5500566	U63030HR2021PTC097606	गेट गुड ट्रिप प्राइवेट लिमिटेड
64	AC5493194	U72900HR2022FTC107036	एपोलिस इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड
65	AC5526576	U74999HR2016PTC058545	मार्क88 कैपिटल इंडिया एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड
66	AC5472820	U66190HR2024PTC124303	नमिश फाइनेंस कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड
67	AC5622838	U01400HR2019PTC078888	खरहर फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
68	AC5413497	U80901HR2021PTC097396	श्रावस्याम कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
69	AC5711268	U70109HR2018PTC076030	देवान्न बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड
70	AC5409819	U15494HR2009PLC039344	डी टी न्यूट्रीविस्टा लिमिटेड
71	AC5326850	U85300HR2023PTC109390	मॉडर्न पाथ लैब प्राइवेट लिमिटेड
72	AC5295292	U58201HR2023PTC111225	विनबी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
73	AC5231222	U43299HR2025PTC138758	एलेस्टन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, क

खबर संक्षेप

उत्तराखंडः 106 को विदेश में मिली नौकरीः धामी

देहरादून। उत्तराखंड सरकार की मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के तहत अब तक प्रदेश के 106 युवाओं को विदेश में नौकरी मिल चुकी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उन्हें विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रदेश में जर्मन व जापानी भाषा के कुल 158 प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

पंजाब में गैंगस्टर के लिए जगह नहीं: डीजीपी

चंडीगढ़। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब पुलिस राज्य में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और गैंगस्टर तथा असामाजिक तत्वों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा उन्हें नियमित डीजीपी नियुक्त किए जाने के कुछ ही समय बाद यादव ने यह बयान दिया। डीजीपी ने कहा कि 'मैं पंजाब में शांति और सौहार्द बनाए रखने की पंजाब पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराता हूं।

हिमाचल में बस खाई में गिरी, एक की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर उपमंडल में शुक्रवार को एक बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बस में 30 यात्री सवार थे। हादसे के समय बस जगुनी से सनई जा रही थी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। मृतक की पहचान वंश (20) के रूप में हुई है।

इंफाल में ग्रेनेड हमले में हेड कांस्टेबल घायल

इंफाल। इंफाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की एक चौकी पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा ग्रेनेड फेंके जाने से त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) का एक हेड कांस्टेबल मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे हुई। उत्तर प्रदेश के रहने वाले हेड कांस्टेबल धनंजय राय इंफाल पूर्वी जिले में पोरोमपत थाना क्षेत्र के न्यू लांबुलाने स्थित आरएएफ चौकी के प्रवेश द्वार पर हुए विस्फोट में मामूली रूप से घायल हो गए।

गैस रिसाव से लगी आग, पांच लोग घायल

मुंबई। मुंबई के पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) परिसर में सिलेंडर की पाइप से गैस रिसाव के कारण आग लगने से दो बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए। नगर निकाय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजकर 25 मिनट पर हुई और आईआईटी के अनुसार, परिसर में स्थित मजदूर शिविर में आग लगी। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों को घाटकोपर स्थित बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया।

देश के कई राज्यों में मौसम ने मारी पलटी

हरिद्वार, मेरठ में ओले गिरे, गाड़ियों के शीशे टूटे लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ-आदि कैलाश मार्ग बंद

एजेंसी ▶▶| मेरठ/देहरादून/नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में मौसम ने फिर पलटी मारी है। उत्तराखंड के देहरादून, ऋषिकेश, नैनीताल, हल्द्वानी और रामनगर में शुक्रवार को बारिश हुई है। हरिद्वार और मेरठ में भी ओले गिरे, जिससे गाड़ियों के शीशे टूट गए। रामनगर में चलती स्कूटी और हाथ ठेले पर एक पेड़ जा गिरा, जिससे दोनों उसके नीचे दब गए। शुक्रवार सुबह हेमकुंड साहिब और पिथौरागढ़ के धारचूला की व्यास घाटी के कुटी गांव में बर्फबारी हुई है। चमोली में बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग टंगड़ी-पागल नाले के पास लैंडस्लाइड के चलते बंद हो गया है। पिथौरागढ़ में भी आदि कैलाश सड़क पर मलबा आ गया। 500 से ज्यादा लोग फंसे हुए हैं।

मुसीबत

पिथौरागढ़ में भी आदि कैलाश सड़क पर मलबा आया, 500 से ज्यादा लोग फंसे

■

मौसम विभाग का बारिश- आंधी को लेकर यलो अलर्ट जारी



बिहार के 18 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

उत्तर प्रदेश के मेरठ और मुजफ्फरनगर में भी ओले गिरे। मौसम विभाग ने शुक्रवार को 8 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ में गोमती नदी उफान पर है। इससे करीब 10 गांव बाढ़ में घिर गए हैं। 40 हजार से ज्यादा घर आधे से ज्यादा डूबे हुए हैं। 3 लाख से ज्यादा की आबादी प्रभावित है। बिहार के 18 जिलों में बारिश और आंधी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना, नालंदा, गया, नवादा, शेखपुरा समेत अन्य जिलों में मौसम सामान्य रहने का अनुमान है।

राजस्थान में भी मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे

राजस्थान में दूसरे सप्ताह में मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे। फिलहाल प्रदेश के कई शहरों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। आईएमडी के मुताबिक 10 व 11 अक्टूबर को उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और शेखावाटी के कुछ हिस्सों में बादल छाने के साथ आंधी व बारिश हो सकती है। बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर और झुंझुनूं समेत आसपास के जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के आसार हैं।

मुंबई महानगर क्षेत्र और कोंकण में 12 अक्टूबर तक उष्ण लहर का अनुमान

मुंबई (भाषा)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और महाराष्ट्र के तटीय कोंकण क्षेत्र में 12 अक्टूबर तक उष्ण लहर की चेतावनी जारी की। आईएमडी के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि दक्षिण कोंकण के जिलों में कुछ स्थानों पर उष्ण लहर की आशंका है। उत्तर कोंकण के जिलों में कुछ स्थानों पर गर्म और उमस भरा मौसम रहने का अनुमान है। अगले 48 घंटों के दौरान महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने और उसके बाद एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। कल महाराष्ट्र के आंतरिक हिस्सों के कुछ क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

'इंडिया' गठबंधन ने संसद परिसर से राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च निकाला

प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपा

राष्ट्रपति ने हमारी बातें 'स्वीकारीं', वोट चोरी का सबूत मांगा: राहुल

विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए पहली बार दो अक्टूबर को अनुरोध भेजा था। इसके बाद राष्ट्रपति भवन ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने वाले नेताओं के नाम मांगे थे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर 'वोट चोरी' के मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया और कहा कि मुर्मू ने उनकी बातों को 'स्वीकार किया है' तथा इससे जुड़े सबूत मांगे हैं, जो उन्हें मुहैया कराए जाएंगे। विपक्ष का यह भी कहना है कि वे सोमवार को उच्चतम न्यायालय जाएंगे और प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, लोस में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, ममता बनर्जी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी के नेता राजीव राय समेत 10 नेताओं ने इस गठबंधन की ओर से राष्ट्रपति से मुलाकात की और उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति से मिलने के बाद खरगे ने संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी दलों ने पिछले चार दिनों से जारी आंदोलन के तहत राष्ट्रपति से मुलाकात की और उनके समक्ष अपनी बात रखी।



संवैधानिक संस्था को घसीटना गलत : राहुल के दावे पर भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर दुर्भावनापूर्ण राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता के उस दावे को झूठ करार दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चुनाव चोरी के आरोप को खारिज नहीं किया तथा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के प्रतिनिधिमंडल द्वारा कही गई बातों को स्वीकार कर लिया। यह प्रतिक्रिया 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा शुक्रवार शाम राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात करने और कथित वोट चोरी के संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंपने के बाद आई है। मुलाकात के बाद गांधी ने कहा था कि वह यह देखकर हैरान रह गए कि राष्ट्रपति ने चुनाव चोरी के आरोप को खारिज नहीं किया और विपक्षी नेताओं द्वारा कही गई बातों को स्वीकार कर लिया। गांधी के दावे को दुर्भाग्यपूर्ण और विचित्र करार देते हुए भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, वह झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि राहुल गांधी का यह दावा कि राष्ट्रपति ने उनके आरोपों को स्वीकार कर लिया, उस दुर्भावनापूर्ण चक्र को दिखाता है जिसे उन्होंने रचा है, और वह हर संवैधानिक संस्था को अपनी राजनीति का शिकार बना रहे हैं। अब ऐसा लगता है कि उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं।

गिरफ्तार भी हो जाएं, तब भी जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करते रहें : आइसा अध्यक्ष

ज्ञानेश के इस्तीफे व एसआईआर वापस लेने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से एक दिन पहले, 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसो (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा ने लोगों से अपील की कि गिरफ्तार भी कर लिया जाए, तो भी आंदोलन जारी रखें।

आपातकाल', मोदी सरकार डरी हुई है: कांग्रेस

कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजधानी में लगाई गई सख्त पाबंदियों को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में 'घोषित आपातकाल' जैसे हालात हैं और मोदी सरकार पूरी तरह डरी हुई है। कॉकरोच जनता पार्टी ने मतदाता सूचियों के एसआईआर में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़े प्रदर्शन का आह्वान किया है।

दिल्ली में नए संगठन से जुड़े लोग हुए जमा

सीजेपी प्रदर्शन से पहले 'लाल हिट जनता पार्टी' का प्रदर्शन

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से एक दिन पहले शुक्रवार को मध्य दिल्ली में एक नए संगठन से जुड़े लोग एकत्रित हुए और पिछले प्रदर्शनों के दौरान पुलिसकर्मियों पर कथित हमलों तथा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपशब्दों के इस्तेमाल की निंदा की। प्रदर्शनकारी 'लाल हिट जनता पार्टी' के आह्वान पर जनपथ पर एकत्र हुए थे। इस संगठन का नाम कीट नियंत्रण के एक लोकप्रिय ब्रांड पर रखा गया है, जिसे सीजेपी के नाम के व्यंग्यात्मक जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। संगठन के प्रतिनिधि अयान भटनागर ने कहा, "अगर कोई किसी बाहरी व्यक्ति के लिए भी अपशब्द कहता है तो हम उसे रोकने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री हमारे परिवार का हिस्सा हैं और उनके खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है।

पुलिस कर्मियों को अपशब्द कहना बंद होना चाहिए

हमारे नायकों, जवानों और दिल्ली पुलिस के कर्मियों को अपशब्द कहना बंद होना चाहिए। इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि व्यवस्था में बदलाव की मांग करने वालों का विरोध जताने का मौजूदा तरीका उचित नहीं है। संगठन ने एक बयान में आरोप लगाया कि 'सीजेपी का आचरण न्यायपालिका और कार्यपालिका सहित संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को नुकसान पहुंचाता है।

अगर सरकार युवाओं से डरी है तो पूरे देश को बंद कर दे : दीपके

मुंबई (भाषा)। कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के दिल्ली में प्रस्तावित प्रदर्शन से एक दिन पहले, पार्टी संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की आलोचना की और कहा कि अगर सरकार युवाओं से डरी हुई है तो उसे पूरे देश को बंद कर देना चाहिए। दीपके का यह बयान 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी आने-जाने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द किए जाने के बीच आया है। कॉजपा ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़े प्रदर्शन का आह्वान किया है।



दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की घटना

ट्रक में फंसे चालक को निकाल रहे दो की मौत और तीन गंभीर



कोटा। राजस्थान के कोटा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर ट्रक के केबिन में फंसे ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहे दो मददगारों की जान चली गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह हादसा उस समय हुआ जब मदद कर रहे लोगों को पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार भारी वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, मुख्य हादसे से पहले एक और दुर्घटना हुई थी। दिल्ली की दिशा से आ रहा एक कंटेनर ट्रक सड़क किनारे खड़े छह पहिए वाले खुले ट्रेलर से पीछे से टकरा गया। यह ट्रेलर पिछले दो दिनों से खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़ा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर ट्रक का चालक केबिन के अंदर ही बुरी तरह फंस गया।


फोन का ब्योरा देने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

महाराष्ट्र, झारखंड और बिहार में सक्रिय था

भाषा ▶▶| मुंबई

मुंबई पुलिस ने फोन कॉल और मोबाइल उपभोक्ताओं का ब्योरा तथा उनकी मौजूदा 'लोकेशन' की जानकारी अवैध रूप से हासिल कर दूसरों को मुहैया कराने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो पुलिसकर्मियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह गिरोह महाराष्ट्र, झारखंड और बिहार में सक्रिय था। उन्होंने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों पुलिसकर्मियों में से एक झारखंड पुलिस और दूसरा बिहार पुलिस में कांस्टेबल है। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अनुसार, एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद इस गिरोह का खुलासा हुआ।

दो पुलिस कर्मी भी शामिल



आरोपी 'चोरी हुए या खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाने' की सेवा देने का इंस्टाग्राम पर एक अकाउंट के जरिए प्रचार करता था। अपराध खुफिया इकाई की टीम ने सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी को जोगेश्वरी (पश्चिम) इलाके से गिरफ्तार किया। डेटा मुहैया कराने वाले गिरोह से जुड़े नौ लोगों की पहचान हुई। इसके बाद महाराष्ट्र, झारखंड और बिहार से पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इनमें झारखंड और बिहार पुलिस में कार्यरत दो कांस्टेबल भी शामिल हैं।

भाजपा ने बंगाल की राजनीति में नया इतिहास रचा

नंदीग्राम में 1.22 लाख के अंतर से जीती, शुभेंदु का रिकॉर्ड टूटा, तमिलनाडु में टीवीके का जलवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ कोलकाता

भाजपा ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक नया इतिहास रचते हुए नंदीग्राम और रजीनगर में ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की है। वहीं तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' (टीवीके) ने अपना जलवा दिखाते हुए मदुरंतकम और धारापुरम विधानसभा उपचुनाव जीत लिए हैं।

नंदीग्राम में भाजपा ने 1.22 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की है। इसने फाल्टा के 1.09 लाख वोटों के अंतर और शुभेंदु अधिकारी के 2016 के लगभग 82,000 वोटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। रेजीनगर में भी भाजपा ने 72,710 वोटों के



रिकॉर्ड अंतर से शानदार जीत दर्ज की है। इस सीट पर हुमायूं कबीर के उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की टीएमसी के उम्मीदवार रबीउल तीसरे स्थान पर खिसक गए और कांग्रेस से भी पीछे रह गए। 4 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की उपचुनाव वाली सीटों पर मतगणना चल रही है। तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' (टीवीके) पार्टी के कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है।

उप्रः रास चुनाव में भाजपा के आठ और सपा के दो सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीट के लिए हुए द्विवार्षिक चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आठ और समाजवादी पार्टी (सपा) के दो उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्विरोध निर्वाचित भाजपा उम्मीदवारों में धर्मपाल सिंह, विद्यासागर सोनकर, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, प्रियंका सिंह रावत, गोपीकृष्ण पांडेय, राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार शामिल हैं। वहीं, सपा के प्रोफेसर राम गोपाल यादव और धनराज परिमल नाथवानी भी निर्विरोध चुने गए।

योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला

जेवर एयरपोर्ट का नाम अब 'नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट' होगा

नई दिल्ली (भाषा)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम 'नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट नोएडा जेवर' रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। योगी कैबिनेट के इस फैसले के साथ एयरपोर्ट के नामकरण का प्रस्ताव आगे बढ़ गया है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार प्रमुख के रूप में 25 वर्ष के सेवाकाल पर मंत्रिपरिषद ने अभिनंदन प्रस्ताव भी पारित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में दोनों उपमुख्यमंत्रियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2017 से पहले और बाद के उत्तर प्रदेश की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की पहचान अब सुशासन, निवेश और विकास से बन रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विमानन, बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।



■ कैबिनेट ने नाम बदलने का प्रस्ताव पारित कर दिया

नवीन ने महासचिवों संग की बैठक

'विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों' पर किया मंथन

नई दिल्ली (भाषा)। भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें "विभिन्न संगठनात्मक मामलों" पर चर्चा की गई। यह बैठक मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों और कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) द्वारा 10 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शन किए जाने के आह्वान के बीच हुई। भाजपा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बैठक की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, "भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज नयी दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की और विभिन्न संगठनात्मक मामलों तथा पार्टी की आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।" बैठक में क्या चर्चा हुई, इस बारे में पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, बैठक में विपक्ष के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन और उसके विमर्श का मुकाबला करने के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा हुई।



पीएम मोदी विश्व कौशल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से मिले

प्रतियोगिता में 10वें स्थान पर रहा भारत

डिग्री के साथ हुनर भी जरूरी: पीएम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। चीन के शंघाई में 22 से 27 सितंबर तक हुई इस प्रतियोगिता में भारत ने 10वां स्थान हासिल किया था। भारत ने 6 सिल्वर मेडल और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 20 मेडल हासिल किए। 2024 में भारत 13वें, अब 10वें स्थान पर है। मोदी ने कहा कि युवाओं के लिए प्रैक्टिकल स्किल्स उतनी ही महत्वपूर्ण हैं, जितनी अकादमिक डिग्रियां। उन्होंने स्किल ट्रेनिंग संस्थानों को आईआईटी और आईआईएम के बराबर महत्व का बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तकनीक तेजी से बदल रही है, इसलिए युवाओं को लगातार नई स्किल सीखने, अपनी क्षमताओं को बेहतर बनाने और उभरती तकनीकों के अनुरूप खुद को तैयार करने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने बातचीत कर अनुभव जाना



पीएम ने प्रतिभागियों से अपने अनुभव और सुझाव सरकार के साथ साझा करने को कहा, ताकि देश की कौशल प्रशिक्षण व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। उन्होंने युवाओं, सरकार और प्रशिक्षण संस्थानों के मिलकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने नए उपकरणों, सॉफ्टवेयर, तकनीकी प्रणालियों और कार्य प्रक्रियाओं के अनुरूप ढलने के महत्व पर चर्चा की।

1,400 से अधिक ने भाग लिया था

22-27 सितंबर 2026 तक हुए इस छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन में 70 देशों के 1,400 से अधिक युवा प्रतियोगियों ने भाग लिया था। भारत का प्रतिनिधित्व अब तक के सबसे बड़े 70 प्रतियोगियों के दल ने किया, जिन्होंने उभरती टेक्नोलॉजी, प्रोडक्शन, इंजीनियरिंग, क्रिएटीविटी जैसे 63 फील्ड में भाग लिया था। विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026 युवाओं के टैलेंट का सबसे बड़ा इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन है। इसे आसान भाषा में स्किल्स का ओलिंपिक भी कहा जाता है।

चिंतन

जनता को परेशानी का जिम्मेदार कौन

लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का अधिकार है, लेकिन इसकी रक्षा के नाम पर आम जनता की जिंदगी को मुश्किलों में डाल देना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले स्कूलों की कक्षाएं ऑनलाइन करने, परीक्षाएं स्थगित करने, मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने तथा रेलगाड़ियों को रद्द करने जैसी तैयारियों ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर कुछ लोगों के प्रदर्शन की आशंका के चलते लाखों नागरिकों को होने वाली परेशानी का जिम्मेदार कौन है? प्रदर्शन करने वालों को भी देखना चाहिए कि उनके प्रदर्शन से आम जनजीवन प्रभावित नहीं हो। एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर सीजेपी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदर्शनकारियों की मांग मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे से जुड़ी है। उनकी मांगों से सहमति या असहमति अलग विषय है, लेकिन शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को नकारा नहीं जा सकता। इसी तरह प्रशासन की जिम्मेदारी भी है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखे और किसी अप्रिय घटना की आशंका को गंभीरता से ले। समस्या तब पैदा होती है, जब उसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़े, जिनका प्रदर्शन से कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली में स्कूलों ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर कक्षाएं ऑनलाइन करने और गतिविधियां स्थगित करने का फैसला लिया। कॉलेजों की परीक्षाएं आगे बढ़ा दी गईं। रेल सेवाओं पर भी असर पड़ा। उत्तर रेलवे के अनुसार, 10 अक्टूबर को सुबह चार बजे से दोपहर दो बजे के बीच नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन पहुंचने वाली 38 ट्रेन रद्द की गईं। दिल्ली मेट्रो के 57 स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने का अनुरोध भी किया गया। इन फैसलों का सीधा असर विद्यार्थियों, अभिभावकों, नौकरीपेशा लोगों, कारोबारियों और दिल्ली आने वाले यात्रियों पर पड़ना स्वाभाविक है। कई लोगों की यात्रा जरूरी हो सकती है, तो विद्यार्थियों की परीक्षाओं और पढ़ाई का अपना महत्व है। उनकी परेशानियों को केवल सुरक्षा व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने इसी चिंता को रेखांकित किया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसी चीज को रोकने के लिए उतनी ही कार्रवाई होनी चाहिए, जितनी आवश्यक हो।अदालत की यह टिप्पणी प्रशासन के लिए स्पष्ट संदेश है कि सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। यदि किसी इलाके में प्रदर्शन से यातायात प्रभावित होने की आशंका है, तो वहां अतिरिक्त पुलिस बल, यातायात का वैकल्पिक मार्ग, सीमित क्षेत्र में प्रतिबंध और प्रदर्शनकारियों के लिए निर्धारित व्यवस्था जैसे उपायों पर विचार किया जा सकता है। कुल मिलाकर सवाल सिर्फ एक प्रदर्शन या एक दिन की असुविधा का नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली का है। प्रदर्शनकारी अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करें और प्रशासन सुरक्षा के नाम पर नागरिकों के अधिकारों का अनावश्यक संकुचन न करे। यदि कुछ लोगों के प्रदर्शन की आशंका से विद्यार्थियों की पढ़ाई, यात्रियों की आवाजाही और शहर की सामान्य गतिविधियां बाधित होती हैं, तो प्रशासन को जवाब देना होगा कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक इंतजाम क्यों पर्याप्त नहीं थे। जनता को परेशानी का जिम्मेदार कौन है? यह सवाल प्रदर्शनकारियों और प्रशासन, दोनों से पूछा जाना चाहिए।

‘न्याय की देवी’ को शांति का नोबेल



उपलब्धि

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलना एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के इतिहास, भारतीय तमिल प्रवासी विरासत, महिलाओं के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय की आकांक्षा के अनेक सूत्र सब एक साथ पिरोये हैं। उनके जीवन की यात्रा डरबन से आरंभ होकर दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका, रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार नेतृत्व तक पहुंची। नोबेल शांति पुरस्कार का यह सम्मान अंततः एक व्यक्ति के अभिनंदन से आगे बढ़कर समूचे विश्व के लिए एक नैतिक संदेश है। निःसंदेह यह दक्षिण अफ्रीका एवं भारत दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

भारत के लिए भी इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार प्रसन्नता की बात है। नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलना एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के इतिहास, भारतीय तमिल प्रवासी विरासत, महिलाओं के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय की आकांक्षा के अनेक सूत्र सब एक साथ पिरोये हैं। उनके जीवन की यात्रा डरबन से आरंभ होकर दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका, रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार नेतृत्व तक पहुंची। जब कानून निर्बलों की ढाल बनता है, जब न्याय सत्ता के भय से मुक्त होकर बोलता है और जब मानव-मर्यादा की रक्षा के लिए कोई व्यक्ति अपना पूरा जीवन समर्पित कर देता है, तब शांति केवल एक सुंदर कल्पना नहीं रहती, बल्कि मानव सभ्यता का जीवंत संकल्प बन जाती है।

नवनेथेम नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा इसी संकल्प का वैश्विक उद्घोष है। नवी पिल्लई की यह उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने शांति की परिभाषा को युद्धविराम, कूटनीतिक समझौतों और राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण घोषणाओं तक सीमित नहीं रहने दिया। उन्होंने जीवन और कार्य से यह संदेश दिया कि वास्तविक शांति वहीं जन्म लेती है, जहां अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने वाले व्यक्ति को संरक्षण मिलता है, जहां पीड़ित को न्याय की आशा दिखाई देती है। यदि नवी पिल्लई के जीवन को देखें तो यह पता चलता है कि 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में भारतीय तमिल मूल के परिवार में जन्मीं नवी पिल्लई का जीवन उस सामाजिक परिवेश में विकसित हुआ। वहां रंगभेद की नीतियां मनुष्य की गरिमा, स्वतंत्रता और समानता को चुनौती देती थीं। उनका परिवार भारतीय मूल की उस प्रवासी विरासत से जुड़ा था, जिसने दक्षिण अफ्रीका की सामाजिक संरचना में अनेक कठिनाइयों के बीच अपना स्थान बनाया। बचपन से ही असमानता और नस्लीय भेदभाव की वास्तविकताओं से परिचित होने के कारण उनके जीवन में न्याय का प्रश्न महज अकादमिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक अनुभव का हिस्सा बन गया था। उन्होंने कानून को अपना कार्यक्षेत्र बनाया और उसे अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। वर्ष 1967 में उन्होंने डरबन में अपना स्वतंत्र कानूनी कार्यालय स्थापित किया। रंगभेद के दौर में राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों का पक्ष लेना साहस की मांग करता था। नवी पिल्लई ने इस चुनौती को स्वीकार किया और उन लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी हुईं, जिनकी आवाज तत्कालीन व्यवस्था में अक्सर दबा दी जाती थी। संघर्ष की धरती से अंतरराष्ट्रीय सम्मान के शिखर तक उन्होंने उन्हीं दबे लोगों की आवाज बनकर कार्य किया। दक्षिण अफ्रीका के उच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश के रूप में उन्हें कार्य करने का अवसर मिला। नवी पिल्लई को यह सम्मान प्रदान करने का निर्णय इस विचार को रेखांकित करता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून को मजबूत करना भी शांति स्थापना का एक अनिवार्य माध्यम है। सच में देखा जाए तो नवी पिल्लई का कार्य इसी अधूरेपन को दूर करने की दिशा में केंद्रित रहा है।



उनका विश्वास उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में रहा, जिसमें अपराध चाहे किसी व्यक्ति ने किया हो या किसी प्रभावशाली सत्ता के प्रतिनिधि ने, उसके लिए जवाबदेही सुनिश्चित हो। उनके लिए कानून केवल व्यवस्था बनाए रखने का साधन नहीं, बल्कि पीड़ितों को न्याय दिलाने, भविष्य की हिंसा रोकने और मानवता के नैतिक विवेक को जीवित रखने का माध्यम रही है। इस दृष्टि से भी उनको नोबेल सम्मान सार्थक सोच का द्योतक है। निःसंदेह नोबेल समिति ने भी इस बात पर भी बल दिया है कि युद्ध अपराधों, मानवता के विरुद्ध अपराधों और नरसंहार के मामलों में अभियोजन की प्रभावी व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए आवश्यक है। जैसा कि सभी जानते हैं कि वर्ष 2008 से 2014 तक संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त के रूप में नवी पिल्लई ने वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए कार्य किया है। इस पद पर उनकी भूमिका ने उन्हें दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्वतंत्रता, समानता, भेदभाव, हिंसा और नागरिक गरिमा से जुड़े प्रश्नों पर काम करने का अवसर दिया। मानवाधिकार उच्चायुक्त का दायित्व केवल उल्लंघनों पर चिंता व्यक्त करना नहीं था अपितु संस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने, सरकारों को अंतरराष्ट्रीय दायित्वों की याद दिलाने और पीड़ितों के अधिकारों को वैश्विक विमर्श के केंद्र में बनाए रखने की भी पहल शामिल रही हैं। पिल्लई के नेतृत्व में मानवाधिकारों का प्रश्न इस व्यापक विचार से जुड़ा रहा कि किसी व्यक्ति की गरिमा उसकी राष्ट्रीयता, नस्ल, लिंग, धर्म अथवा सामाजिक स्थिति पर निर्भर नहीं हो सकती। मानवाधिकार किसी सरकार की कृपा से प्राप्त उपहार नहीं, बल्कि प्रत्येक मनुष्य की अंतर्निहित गरिमा से जुड़े अधिकार हैं। उनकी इस भूमिका का मूल्यांकन करते समय यह समझना आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का कार्य अनेक बार जटिल राजनीतिक परिस्थितियों में होता है। विभिन्न सरकारों और पक्षों के बीच मतभेद, आरोप-प्रत्यारोप तथा राष्ट्रीय हितों के टकराव के बावजूद मानवाधिकार संबंधी मानकों को प्रासंगिक बनाए रखना आसान नहीं होता। नोबेल शांति पुरस्कार के संदर्भ में उनके इस योगदान का विशेष महत्त्व है, और कमेटी ने इसे समझा यह बहुत अच्छी बात है। महात्मा गांधी के आदर्श और नवी पिल्लई की न्याय-दृष्टि पर आज पूरे विश्व में विवेचनाएँ हो रही हैं। कहते हैं महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और नैतिक साहस के माध्यम से अन्याय का प्रतिरोध करने का मार्ग दिखाया था। उनका जीवन इस विचार का प्रतीक बना कि किसी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुनौती देने के लिए हिंसा का सहारा लेना अनिवार्य नहीं है। सत्याग्रह की शक्ति इस विश्वास में निहित थी कि सत्य और न्याय के पक्ष में दृढ़ता से खड़ा होना सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। पिल्लई ने कानून, न्यायिक संस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय जवाबदेही को मानवाधिकारों की रक्षा के महत्त्वपूर्ण साधन के रूप में अपनाया। शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था की स्थापना भी है जिसमें अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अवसर हो, पीड़ितों को न्याय मिल सके और प्रत्येक मनुष्य को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हो, नवी का यह स्वप्न रहा। नोबेल शांति पुरस्कार का यह सम्मान अंततः एक व्यक्ति के अभिनंदन से आगे बढ़कर समूचे विश्व के लिए एक नैतिक संदेश है।

जहां न्याय जीवित रहता है, वहीं शांति की संभावना जीवित रहती है, जहां मानव-मर्यादा सुरक्षित रहती है, वहीं सभ्यता का भविष्य उज्ज्वल होता है। मानें तो नवी पिल्लई के जीवन और उनके नोबेल सम्मान का आज यही सबसे सार्थक संदेश है। निःसंदेह यह दक्षिण अफ्रीका एवं भारत दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

(लेखक सीयूपी में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

गौरव द्विवेदी



नारे जो राजनीति की जुबान बन गए


एक चाय, दो समोसा' से 'गरीबी हटाओ' और 'अबकी बार' तक, भारतीय राजनीति में कई बार लंबी-चौड़ी तकरीरों पर चार तुकबंदी वाले शब्द भारी पड़े हैं। हाल के जेन जी प्रदर्शनों में एक नारा सोशल मीडिया पर खूब सुनाई दिया-'एक चाय, दो समोसा, मर्दों का क्या भरोसा।' इसके अलग-अलग रूप भी वायरल हुए। नारे में तुक है, शरारत है, विरोध है और सोशल मीडिया के लिए जरूरी 'मीम वैल्यू' भी। पर नारे की यह राजनीति नई नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि कभी नारे दीवारों पर लिखे जाते थे, जुलूसों में गूंजते थे, अब रील और हैशटैग बनकर वायरल होते हैं। भारतीय राजनीति में हमेशा से एक अच्छा नारा कई पन्नों के घोषणापत्र पर भारी पड़ता रहा है। नारा दरअसल राजनीति की कविता है-छोटी, तीखी और याद रह जाने वाली। लालबहादुर शास्त्री का 'जय जवान, जय किसान' इसका शायद सबसे शानदार उदाहरण है। चार शब्दों में सैनिक, किसान और राष्ट्र तीनों आ गए। इंदिरा गांधी का 'गरीबी हटाओ' आया तो दो शब्दों में पूरी चुनावी लड़ाई की कथा खड़ी हो गई। आपातकाल के बाद विरोधियों ने नारों को हथियार बनाया और 1989 में वी.पी. सिंह के लिए 'राजा नहीं फकीर है, भारत की तकदीर है-जैसी पंक्तियां राजनीतिक माहौल का हिस्सा बनीं। उसी 1989 के चुनाव का एक दिलचस्प किस्सा राजस्थान के सीकर का है। कांग्रेस के दिग्गज और तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के सामने चौधरी देवीलाल मैदान में थे। देवीलाल के समर्थन में नारा चला-'ताऊ पूरा तोलेगा, लाल किले से बोलेगा।' देवीलाल ने जाखड़ को 46,756 वोटों से हरा दिया। जाखड़ जैसे कद्दावर नेता की हार में एक और नारे ने आग में घी का काम किया-एक जलेबी दो समोसा, जाखड़ तेरा क्या भरोसा!!! यह कहना ठीक नहीं होगा कि जाखड़ केवल एक नारे से चुनाव हार गए। चुनाव इतने सरल नहीं होते। लेकिन उस एक लाइन ने देवीलाल की पूरी छवि बना दी-देसी, ताकतवर और दिल्ली को चुनौती देता 'ताऊ'। अच्छा चुनावी नारा यही करता है। वह उम्मीदवार का पूरा परिचय चार शब्दों में करा देता है। अमेठी का अपना 'स्लोगन राइटर' इस कला के दिलचस्प किरदार थे, अमेठी के अवधी कवि-पत्रकार और कांग्रेस नेता जगदीश पीयूष। राजीव गांधी और गांधी परिवार के करीबी रहे पीयूष ने 1984 में ही नारे दिए थे-'अमेठी का डंका, बिटिया प्रियंका' और 'अमेठी का बिगुल, बेटवा राहुल।' आज राजनीतिक पार्टियां करोड़ों रुपये खर्च करके विज्ञापन एजेंसियों, डिजिटल मार्केटिंग कंपनियों और डेटा विशेषज्ञों से पंचलाइन बनवाती हैं। उस दौर में जगदीश पीयूष जैसे स्थानीय कवि और कार्यकर्ता यह काम कर देते थे। समाजवादी राजनीति में मुलायम सिंह यादव के साथ 'जिसका जलवा कायम है, उसका नाम मुलायम है' जैसी तुकबंदी जुड़ी। सपा के अलग-अलग चुनावों में 'यूपी में है दम..' से लेकर अखिलेश यादव को केंद्र में रखने वाले कई नारे आए। बसपा की यात्रा तो नारों के जरिए उसकी बदलती राजनीति भी समझा देती है। दलित अस्मिता की आक्रामक भाषा से आगे बढ़कर जब मायावती ने 2007 में सोशल इंजीनियरिंग की तरफ कदम बढ़ाया तो नारा भी बदल गया-'ब्राह्मण शंख बजाएगा, हाथी बढ़ता जाएगा' और 'हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा-विष्णु-महेश है।' यानी कई बार नारा पार्टी की राजनीति बदलने के बाद नहीं बदलता, वह खुद उस बदलाव की घोषणा बन जाता है। बीजेपी ने आधुनिक चुनाव में इस कला को बाकायदा ब्रांडिंग में बदल दिया। अटल बिहारी वाजपेयी के लिए 'अबकी बारी, अटल बिहारी' की सहज तुक से लेकर 2014 के 'अबकी बार, मोदी सरकार' और बाद के 'मोदी है तो मुमकिन है' तक नारा चुनावी मार्केटिंग का केंद्रीय हिस्सा बन गया। कांग्रेस के 'गरीबी हटाओ' से लेकर 'कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ', बीजेपी के 'अबकी बार', बसपा के 'हाथी' तक एक बात समान है-भारत में राजनीति केवल पढ़ी नहीं जाती, बोली और सुनी भी जाती है। कई बार नारे फिसड्डी भी साबित होते है जैसे चौकीदार चोर है के कांग्रेसी चुनावी स्लोगन को जनता जनार्दन ने बुरी तरह नकार दिया। इसीलिए जेन जी भी नारे से दूर नहीं गई। उसने बस दीवार की जगह इंस्टाग्राम और जुलूस के साथ रील जोड़ दी है। 'एक चाय, दो समोसा..' उसी पुराने भारतीय राजनीतिक व्याकरण का नया डिजिटल संस्करण है। घोषणापत्र चुनाव के बाद फाइलों में चले जाते हैं। भाषण भी भुला दिए जाते हैं। मगर दशकों बाद भी 'जय जवान, जय किसान', 'गरीबी हटाओ', 'राजा नहीं फकीर है' या 'अबकी बार..' याद रह जाते हैं,क्योंकि राजनीति में भाषण बताता है कि नेता क्या कहना चाहता है, लेकिन नारा बताता है कि उसकी राजनीति जनता की जुबान पर किस तरह चढ़ी।

(लेखक पब्लिक पॉलिसी एवं फिल्म पॉलिसी के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संघर्ष से आती है जीवंतता

संकलित

दर्शन



साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े

संकलित

प्रेरणा



बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है।

आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा कि लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और वे हम पर हावी हो जाए।

अंतर्मन



आज की पाती

चला गया पर्दे का दबंग और जिंदगी का फकीर

नाना पाटेकर का 8 अक्टूबर 2026 को 75 वर्ष की आयु में गोवा स्थित आवास पर कार्डियक अरेस्ट के बाद निधन हो गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए सीपीआर की कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भारतीय सिनेमा ने 8 अक्टूबर को एक ऐसे कलाकार को खो दिया जिसकी पहचान केवल अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि अपने दमदार व्यक्तित्व, बेबाक आवाज और सादगी भरे जीवन के कारण भी थी। नाना पाटेकर का जाना हिंदी और मराठी सिनेमा के उस दौर का अवसान है जिसमें अभिनेता केवल चेहरे से नहीं, अपने अभिनय की ताकत से पहचाना जाता था। 1978 में फिल्म 'गमन' से बड़े पर्दे पर कदम रखने वाले नाना ने लगभग पांच दशक के करियर में अलग-अलग रंगों के किरदार निभाए। उन्हें कई पुरस्कार भी मिले। - नरेश वत्स, रोहतक

ट्रेंड

बीजेपी की जीत

चार उपचुनावों में बीजेपी की ज़बरदस्त जीत! लोकतंत्र में शोर-शराबा तो कुछ समय के लिए ही गूंजता है, लेकिन जनता के फैसले की गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है। जनता का फैसला ही सबसे बड़ा जवाब है।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री



टाटा की विरासत

रतन टाटा का जीवन नेतृत्व, असाधारण उद्यमशीलता और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से परिभाषित था। उन्होंने दिखाया कि सफलता का असली पैमाना उन लोगों के जीवन पर डाला गया प्रभाव और पीछे छोड़े गए मूल्य हैं। उनकी विरासत भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।
- धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, बीजेपी



अर्थव्यवस्था का कंट्रोल

मोदी जी की आर्थिक नीति का मकसद अर्थव्यवस्था का कंट्रोल अपने पसंदीदा करीबी पूंजीपतियों को सौंपना है, ताकि बदले में बीजेपी मुनाफे में अपना हिस्सा बनाए रख सके। उन्होंने आर्थिक उदारीकरण की नींव को बर्बाद कर दिया है।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस



नवी पिल्लई को बधाई


जस्टिस नवी पिल्लई को 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलने पर मेरी ओर से हार्दिक बधाई। मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय के प्रति उनका जीवन भर का समर्पण उनके साहस और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।
- कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता



करंट अफेयर

कनाडा का भविष्य वहां के नागरिक तय करेंगे: कार्नी

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने क्यूबेक, अल्बर्टा और सस्केचेवान को देश से अलग होने की एलन मस्क की अपील को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा का भविष्य वहां के नागरिक ही तय करेंगे। मस्क की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर कार्नी ने कहा, ''कनाडा का भविष्य यहां के नागरिक, उनकी प्राथमिकताएं और क्यूबेक के लोगों की आकांक्षाएं तय करेंगी।'' कार्नी ने कहा कि कनाडा के नागरिकों को अपनी भाषा और संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने की पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें विदेशी सरकारों या बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। उन्हें यह गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि वे तय कर सकती हैं कि हमें क्या करना चाहिए।'' मस्क ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर क्यूबेक के भावी प्रीमियर पॉल सेंट-पियरे प्लामोंडोन से संबंधित एक पोस्ट पर टिप्पणी करके कनाडा में अलगाववाद की बहस को हवा दे दी थी। अलगाववादी विचारधारा वाली प्लामोंडोन की पार्टी 'पार्टी क्यूबेकॉस' ने सोमवार को प्रांतीय चुनाव में जीत हासिल की थी। हालांकि, पार्टी क्यूबेकॉस (पीक्यू) की जीत को क्यूबेक की स्वतंत्रता के पक्ष में जनादेश नहीं माना जा सकता। पार्टी को लगभग 28 प्रतिशत मत मिले और वह क्यूबेक के सदन में बहुमत हासिल करने से पीछे रह गई।



ऑफ बीट

आखिर पानी गीला क्यों होता है?

बारिश के मौसम में जब आप बिना छतरी के भीग जाते हैं, तो 'गीलापन' महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि पानी आखिर गीला क्यों होता है? वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणुओं से बने पानी की यह विशेषता वास्तव में उसके अणुओं के आपसी व्यवहार और आसपास की चीजों के साथ उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पानी के अणु एक-दूसरे और अन्य पदार्थों से बहुत तेजी से आकर्षित होते हैं। इस गुण को 'आसंजन' (एडहेज़न) कहा जाता है। पानी के अणु ध्रुवीय होते हैं, यानी उनके एक छोर पर हल्का धनात्मक और दूसरे छोर पर हल्का ऋणात्मक आवेश होता है। यही कारण है कि वे त्वचा, कपड़े और कांच जैसी सतहों से आसानी से चिपक जाते हैं। जब पानी किसी सतह के संपर्क में आता है, तो वह उस पर फैल जाता है और मजबूती से चिपक जाता है। इसी वजह से हमें लगता है कि कोई वस्तु "गीली" है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गीलापन इस बात पर निर्भर करता है कि कोई द्रव किसी सतह के साथ कितनी अच्छी तरह संपर्क बनाए रखता है। इसके विपरीत, पारा यानी मरकरी जैसे धातु में सतहों से चिपकने की क्षमता बहुत कम होती है क्योंकि उसके अणु आपस में अधिक मजबूती से जुड़े रहते हैं। इसे 'संसंजन' (कोहेज़न) कहा जाता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

भारत में जन्मे न्यूजीलैंड के ओपनर जीत रावल ने छोड़ा बल्ला

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड



भारत में जन्में न्यूजीलैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज जीत रावल ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अहमदाबाद के विद्यानगर स्कूल में पार्थिव पटेल के सलामी जोड़ीदार रहे रावल किशोरावस्था में न्यूजीलैंड चले गए थे।

अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 24 टेस्ट मैच खेलने वाले 38 वर्षीय रावल ने नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स क्रिकेट एसोसिएशन से कहा, 'मैंने पूरे सम्मान के साथ यह फैसला किया है। मुझे शांति और बहुत संतुष्टि महसूस हो रही है।' उन्होंने कहा, 'मेरे बचपन का सपना निश्चित रूप से न्यूजीलैंड की तरफ से खेलना था। यह केवल मेरा सपना ही नहीं था बल्कि मेरे पिता का भी सपना था। हमें मौका दिखा और वह परिवार के साथ न्यूजीलैंड आ गए ताकि मैं अपना सपना पूरा कर सकूं।' रावल ने न्यूजीलैंड की तरफ से 24 टेस्ट मैच में 30.07 की औसत से 1143 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 24 शतक और 50 अर्धशतकों की मदद से 10432 रन बनाए।

रावल ने न्यूजीलैंड की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ नवंबर 2016 में क्राइस्टचर्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में जनवरी 2020 में खेला था।

22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में 5 मैचों की टी20 सीरीज

न्यूजीलैंड को झटका, भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर चैपमैन और फाउल्क्स

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और जैक फाउल्क्स चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ 22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज चैपमैन पिछले महीने यूरोपीय टी20 लीग के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके बाएं पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और वह अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं। तेज



गेंदबाज फाउल्क्स के दाहिने कूल्हे में हाल ही में कैंटरबरी में अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई थी। चैपमैन ने अब तक 113 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। यह 32 वर्षीय बल्लेबाज भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी कर सकता है लेकिन फाउल्क्स की वापसी की कोई निश्चित समयसीमा नहीं है।

क्लार्कसन और टिकनर को मौका

ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन और तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को इन दोनों खिलाड़ियों के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने स्वीकार किया कि टी20 सीरीज से पहले दो प्रमुख खिलाड़ियों का चोटिल होना टीम के लिए बड़ा झटका है। वॉल्टर ने कहा, "मार्क और जैक के लिए मुझे बहुत दुख है और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमें खुशी है कि हम जोश और ब्लेयर की विशेषज्ञता का फायदा उठा सकते हैं। यह दोनों खिलाड़ी इस सीरीज में खेलने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' टी20 सीरीज का आखिरी मैच एक नवंबर को हैमिल्टन में खेला जाएगा।

खबर संक्षेप



आज से सीनियर हॉकी चैंपियनशिप

झांसी। देश भर की 29 टीम शनिवार से शुरू होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगी। हॉकी इंडिया ने घोषणा की कि टूर्नामेंट का फाइनल 21 अक्टूबर को खेला जाएगा। पंजाब इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए टीम को तीन डिवीजन में बांटा गया है, जिनमें डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी शामिल हैं। डिवीजन ए में 12 टीमें शामिल हैं, जिन्हें तीन-तीन टीमों के चार पूल में बांटा गया है। पूल ए में पंजाब, तमिलनाडु और बंगाल, जबकि पूल बी में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और पुडुचेरी शामिल हैं। पूल सी में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और चंडीगढ़, जबकि पूल डी में मणिपुर, हरियाणा और दिल्ली शामिल हैं। पूल चरण के बाद 18 अक्टूबर को क्वार्टर फाइनल होंगे। सेमीफाइनल 19 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इसके बाद तीसरे स्थान का मैच और फाइनल 21 अक्टूबर को होंगे। डिवीजन बी में दो पूल में 10 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

मणिकांत होबलीधर ने जीता 100 मीटर का स्वर्ण पदक

नई दिल्ली। कर्नाटक के धावक मणिकांत होबलीधर ने पेट में खिंचाव की परेशानी के बावजूद शुक्रवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 65वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। मणिकांत ने 10.25 सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। हालांकि वह अपने ही चैंपियनशिप रिकॉर्ड 10.19 सेकेंड को बेहतर करने से चूक गए। सुबह के सत्र में पैदल चाल एथलीट सर्विन सेबेस्टियन को निराशा हाथ लगी। उन्होंने पुरुषों की 20 किलोमीटर पैदल चाल में सबसे पहले फिनिश लाइन पार की, लेकिन तकनीकी नियमों के उल्लंघन के कारण मिले दो मिनट के दंड ने उनका स्वर्ण पदक जीतने का सपना तोड़ दिया। इसके कारण सर्विन चौथे स्थान पर खिसक गए। उन्होंने 1 घंटा 32 मिनट 46 सेकेंड का समय दर्ज किया।

चाइना स्मैश: सेमीफाइनल में हारे मानव-मानुष



बीजिंग। मानव ठक्कर और मानुष शाह की जोड़ी डब्ल्यूटीटी चाइना स्मैश टेबल टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के लिम जोंगहून और ओह जुनसंग के हाथों सीधे गेम में हार गई। भारत की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को केवल 20 मिनट में कोरियाई टीम से 8-11 6-11 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। मानुष मिश्रित युगल के सेमीफाइनल से भी आगे बढ़ने में नाकाम रहे। उनकी और दीया चितले की जोड़ी को गुरुवार को चीनी ताइपे की लिन युन-जू और चेंग आई-चिंग की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।

शंघाई मास्टर्स टेनिस : सीधे सेटों में जीते ज्वेरेव और बेन, तीसरे दौर में पहुंचे

जीत के साथ शेल्टन ने मनाया 24वां जन्मदिन



एजेंसी ▶▶| शंघाई

अमेरिकी ओपन चैंपियन अलेक्जेंडर ज़्वेरेव और अपना 24वां जन्मदिन मना रहे बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। अमेरिकी ओपन के फाइनल में शेल्टन को हराने वाले शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले वू यिबिंग को 6-4, 7-6 (4) से पराजित किया। दूसरी तरफ शेल्टन ने इस एटीपी 1000-स्तरीय टूर्नामेंट में डेनियल अल्टमायर पर 6-3, 7-6 (6) से जीत हासिल करके शानदार तरीके से अपना जन्मदिन मनाया। इस बीच नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को वॉकओवर मिला, जिससे वह तीसरे दौर में पहुंच गए। उनके प्रतिद्वंदी एलेक्स मोलकान ने किसी अज्ञात बीमारी के कारण मैच से नाम वापस ले लिया था। एक अन्य मैच में क्वालीफायर रेई सकामोटो ने 23वीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।



सकामोटो ने किया बड़ा उलटफेर रुबलेव को हराया

शंघाई मास्टर्स में एक बड़ा उलटफेर करते हुए जापानी क्वालीफायर रेई सकामोटो ने कोर्ट 3 पर दूसरे राउंड में पूर्व फाइनलिस्ट एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हरा दिया। वर्ल्ड नंबर 137 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड नंबर 23 को 1 घंटे 22 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेटों में हराया। सकामोटो ने मैच में रुबलेव की दो बार सर्विस तोड़ी और दोनों ब्रेक पॉइंट बचाकर राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई।

पहले गेम में तोड़ी रुबलेव की सर्विस

उन्होंने मैच के पहले गेम में रुबलेव की सर्विस तोड़कर मैच की शुरुआत की, फिर अपनी सभी सर्विस बचाकर पहला सेट 35 मिनट में अपने नाम कर लिया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बरकरार रखी और स्कोर 4-4 से बराबर था, इससे पहले सकामोटो ने सर्विस तोड़कर 5-4 की बढ़त बनाई, फिर अपनी सर्विस बचाकर 46 मिनट में दूसरा सेट जीतकर मैच जीत लिया। युवा जापानी खिलाड़ी अपनी सर्विस में भी बेहतर था, क्योंकि उसने अपनी पहली सर्विस पर 77 प्रतिशत और दूसरी सर्विस पर 62 प्रतिशत पॉइंट जीते। रुबलेव ने अपनी पहली सर्विस पर 76 प्रतिशत पॉइंट जीते और अपनी दूसरी सर्विस पर सिर्फ 56 प्रतिशत पॉइंट जीते।

हुरकाज के हाथों हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुए नोवाक जोकोविच

चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच शुक्रवार को शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गए। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने उन्हें सीधे सेटों में हराया। हुरकाज ने 39 वर्षीय जोकोविच को महज 87 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। इस सप्ताह की शुरुआत में बीजिंग में चाइना ओपन का फाइनल जीतने के बाद जोकोविच को यह हार मिली है। हुरकाज 2023 में शंघाई मास्टर्स चैंपियन थे।

भारत के खिलाफ टी-20 में सबसे बड़ा रनचेज

भारत को छह विकेट से हराकर वेस्टइंडीज ने श्रृंखला में वापसी की



- वेस्टइंडीज 18.3 ओवर में 252 रन बनाकर जीता
- होप ने शतकीय पारी में 6 चौके और 9 छक्के लगाए
- शाई को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

भाषा ▶▶|रांची

कप्तान शाइ होप के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 मैच में शुक्रवार को जीत के लिये रिकॉर्ड 250 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारत के पांच विकेट पर 249 रन के जवाब में वेस्टइंडीज के लिये होप ने 45 गेंद में छह चौकों और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाये। वहीं शेरफान रदरफोर्ड ने 37 गेंद में 84 रन बनाये जिसमें सात चौके और सात छक्के शामिल थे। इन दोनों पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने 18.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने पहला मैच लखनऊ में आठ विकेट से जीता था। भारत के लिये संजू सैमसन 82 रन की आक्रामक पारी के साथ फॉर्म में लौटे जबकि श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा ने भी उपयोगी पारियां खेली। लेकिन होप और रदरफोर्ड ने भारत के स्पिन आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। पहले टी-20 में अर्धशतक जमाने वाले होप ने उसी लय को कायम रखते हुए शतक जड़ा। उन्होंने अक्षर पटेल को छक्का लगाकर दूसरा टी-20 शतक पूरा किया और टीम को जीत तक पहुंचाया। रदरफोर्ड ने उनका पूरा साथ दिया और सिर्फ 54 गेंद में 120 रन की साझेदारी की। रदरफोर्ड को 38 के स्कोर पर जीवनदान मिला था जब कुलदीप यादव की गेंद पर मयंक यादव ने उनका आसान कैच छोड़ा। इस जीवनदान का भारत को बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा। रोमारियो शेफर्ड ने आखिर में 13 गेंद में 34 रन बनाये। इससे पहले पिछले चार मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद सैमसन ने 21 गेंदों में अपना नौवां टी-20 अर्धशतक जमाया।

उपलब्धि

मेगन शट ने वनडे में पूरे किए 150 विकेट



एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। शुक्रवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड पर बांग्लादेश महिला टीम के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में शट ने वनडे क्रिकेट में 150 विकेट पूरे किए।

शट इस खास मुकाम तक पहुंचने वाली सिर्फ तीसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गई हैं। वह इस लिस्ट में दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पेरी (166 विकेट) और पूर्व तेज गेंदबाज कैथरीन फिट्जपैट्रिक (180 विकेट) के साथ शामिल हो गई हैं। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में उतरते समय, 33 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने सीरीज की पहली ही गेंद पर फरगाना हक का विकेट लिया और फिर तीसरे ओवर में शर्मिन सुल्ताना का विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की।

150 विकेट लेने वाली 12वीं खिलाड़ी शट

शट ने तीसरे ओवर में यह खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने शर्मिन सुल्ताना को फुल लेंथ की गेंद डाली, जो अंदर की तरफ स्विंग हुई। बल्लेबाज ने फ्लिक शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले को छूने के बजाय सीधे उनके पैड पर लगी। इसके बाद अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दे दिया। शट इस फॉर्मेट में 150 विकेट लेने वाली कुल मिलाकर 12वीं खिलाड़ी हैं। इस लिस्ट में भारत की दिग्गज और पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी सबसे आगे हैं, जिनके नाम 255 विकेट हैं।

खेल मंत्री से मिले पैरा निशानेबाज



नई दिल्ली। आगामी आइची-नागोया पैरा एशियाई खेलों के लिए चयन प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पैरा निशानेबाजों ने शुक्रवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की और खेल प्रशासन में कथित खामियों को लेकर अपनी चिंताएं उनके सामने रखीं। तीन निशानेबाजों के एक प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री से मुलाकात की और अपना आरोप दोहराया कि भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले खेलों के लिए चार ऐसे निशानेबाजों को शामिल करने के उद्देश्य से चयन के नियमों में ढील दी, जो निर्धारित मानदंडों पर खरे नहीं उतरते थे। एशिया में तीसरी रैंकिंग पर काबिज पैरा पिस्टल निशानेबाज संदीप कुमार ने पहले चयन प्रक्रिया में पक्षपात का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि महाद्वीपीय रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद रुद्रांश खंडेलवाल को उनसे और मौजूदा एशियाई नंबर एक आकाश पर तरजीह देते हुए चुन लिया गया।

आज से आईएसएसएफ विश्व कप कुसाले और सरबजोत लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶| काहिरा

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह शनिवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल-पिस्टल विश्व कप में 24 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी दल की अगुवाई करेंगे। भारतीय टीम देहरादून में राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेने के बाद काहिरा पहुंची।

भारत आठ व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं और दो मिश्रित टीम स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में अनुभवी ओलंपियन के साथ उभरते हुए युवा निशानेबाज भी शामिल हैं। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में



स्वप्निल कुसाले के साथ अखिल श्योराण और एड्रियन करमाकर भारतीय चुनौती पेश करेंगे। ओलंपियन अर्जुन बबूता पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम की अगुवाई करेंगे।

राइफल थ्री पोजिशंस टीम की अगुवाई करेंगी अंजुम : महिलाओं की राइफल स्पर्धाओं में दो बार की ओलंपियन अंजुम मौदगिल 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस टीम का नेतृत्व करेंगी, जिसमें आयुषी पोद्दार और मानिनी कौशिक भी शामिल हैं। निशानेबाज आर्या राजेश बोर्से महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ख्याति चौधरी और इस्मिता भोवाल के साथ हिस्सा लेंगी।

कैंसर से उबरने के बाद टेस्ट में मेडिनसन ने की 10 साल बाद वापसी

33 गेंद में जीरो, ऑस्ट्रेलिया के ओपनर का अनचाहा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| डरबन

ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टेस्ट की सीरीज का पहला मैच 9 अक्टूबर से डरबन में शुरू हुआ। इसके साथ ही एक नई ओपनिंग जोड़ी ऑस्ट्रेलिया ने उतारी। मगर नतीजा वही रहा, जो पिछले कुछ मैचों में रहा था, नाकामी। 10 साल फिर से टेस्ट मैच खेलने उतरे निक मेडिनसन 33 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके और मार्को यानसन के शिकार बन गए। गेंद उनके बल्ले से लगकर स्टंप्स बिखेर गई। यह 26 साल में किसी भी टेस्ट ओपनर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इससे पहले साल 2000 में जिम्बाब्वे के ट्रेवर ग्रिपर वेस्ट इंडीज के सामने 36 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके थे। मेडिनसन ने 2016 में साउथ अफ्रीका के सामने ही टेस्ट डेब्यू किया था। तीन मैच खेलने के बाद वे बाहर कर दिए थे।



बिना रन बनाए सर्वाधिक गेंद खेलकर आउट होने वाले ओपनर

बल्लेबाज	गेंद	विरोधी टीम	मैदान	साल
डैरिन मरे (न्यूजीलैंड)	39	श्रीलंका	डुयूनेडिन	1995
ट्रेवर ग्रिपर (जिम्बाब्वे)	36	वेस्टइंडीज	किंग्स्टन	2000
निक मेडिनसन (ऑस्ट्रेलिया)	33	दक्षिण अफ्रीका	डरबन	2026

18 महीने बाद खेला फर्स्ट क्लास क्रिकेट

मेडिनसन का 33 गेंद में जीरो पर आउट होना एक टेस्ट पारी में किसी भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। रिकॉर्ड माइक व्हाइटनी के नाम है, जो 1981 में इंग्लैंड के खिलाफ 42 गेंद में बिना खाता खोले आउट हुए थे। मेडिनसन 18 महीने बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेल रहे थे। इससे पहले वे इस फॉर्मेट में आखिरी बार मार्च 2025 में खेले थे। टेस्टिकुलर कैंसर के चलते उन्हें खेल से दूरी बनानी पड़ी। उन्होंने कैंसर से उबरने के लिए सर्जरी कराई और नौ सप्ताह तक कीमोथैरेपी ली।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28



मस्क ने भारत में स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं मिलने पर सवाल उठाए

मस्क को न्योते के बाद राहुल बोले- मैं एकाधिकार के खिलाफ, भाजपा ने पूछा- अब क्यों मेहरबान?

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं क्रोनी कैपिटलिज्म की इस व्यवस्था को तोड़ने और ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार और कड़ी मेहनत से आगे बढ़े, न कि राजनीतिक संरक्षण से। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया। इसमें एलन मस्क के साथ उनकी बातचीत के अंश शामिल थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में ऐसा माहौल होना चाहिए, जहां हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित अवसर मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक संरक्षण वाले पूंजीवाद की व्यवस्था को खत्म करने, नवाचार और मेहनत पर आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं क्रोनी कैपिटलिज्म की इस व्यवस्था को तोड़ने और ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार और कड़ी मेहनत से आगे बढ़े, न कि राजनीतिक संरक्षण से। बता दें, स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं मिलने पर गुरुवार को सवाल उठाए थे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि स्टारलिंक को दुनिया के 165 से ज्यादा देशों में सेवा देने की मंजूरी मिल चुकी है। कंपनी पिछले पांच साल से भारत सरकार के हर कानून और जरूरी शर्त का पालन कर रही है। इसके बावजूद उसे भारत में लाइसेंस क्यों नहीं मिला है?

सरकार बोली- राष्ट्रीय सुरक्षा और मानकों को पूरा करना जरूरी



एलन मस्क राहुल गांधी

हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित मौका

राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि भारत को ऐसे समान अवसर वाले माहौल की जरूरत है, जहां हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित मौका मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं क्रोनी कैपिटलिज्म की इस व्यवस्था को तोड़ने और ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार और कड़ी मेहनत से आगे बढ़े, न कि राजनीतिक संरक्षण से। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया। इसमें एलन मस्क के साथ उनकी बातचीत के अंश शामिल थे।

किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं: सिंधिया



केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं देता है। सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 के दौरान कहा कि एक विशेष कंपनी को लेकर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन तीन कंपनियों को सैटकॉम लाइसेंस मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैटेलाइट संचार सेवा प्रदाता राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं और निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद ही अपना परिचालन शुरू कर सकते हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सिंधिया ने कहा कि उनकी पार्टी को यह भी नहीं पता कि वह बाएं जा रही है या दाएं।

कांग्रेस ने पहले किया था विरोध, अब पलटी: सूर्या



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने राहुल गांधी पर स्टारलिंक के भारत में प्रवेश को लेकर विरोधाभासी रुख अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष के नेता पीएम नरेंद्र मोदी का विरोध करने के लिए कंपनी का समर्थन कर रहे हैं। कांग्रेस ने पिछले साल भारत में स्टारलिंक के संभावित प्रवेश का विरोध किया था। उस दौरान उनके द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि यह कदम प्रधानमंत्री के करीबी व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के इरादे से उठाया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने उस समय राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी उठाई थीं।

भारत कोई 'बनाना रिपब्लिक' नहीं: माधव



भाजपा नेता राम माधव ने कहा कि एलन मस्क को ध्यान में रखना चाहिए कि भारत कोई बनाना रिपब्लिक नहीं है, जहां वह जैसे चाहे बयान दे सकें। भारत में स्पेक्ट्रम और टेलीकॉम से जुड़े सभी मामले कानून और नियमों से चलते हैं। यह मोदी सरकार है और यहां सब कुछ पारदर्शी तरीके से और नियमों के अनुसार होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी सरकार पर ट्रंप और मस्क के सामने सरेंडर करने का आरोप लगाते थे, हमें सरेंडर वाली सरकार कहते थे। अब वह खुद क्यों सरेंडर हो गए हैं? वह इतनी जल्दी में क्यों हैं कि एलन मस्क को स्पेक्ट्रम मिल जाए?





Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick-start variant in Haryana. Price is subject to change without prior notice. ^ Finance at the sole discretion of the financier. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com अधिकृत डीलर: रोहतक : एस.के. जैन टीवीएस, फो: 9215551228. मानसरोवर पार्क (रोहतक): फो: 9215536902. भिवानी चुंगी (रोहतक): तुलसी लोक टीवीएस, भिवानी रोड़, फो: 9215650603, 9215650614. जीन्द: पँवार टीवीएस, फो: 8929592506. नरवाना: लाज टीवीएस, पटियाला रोड़, फो: 9034404321, 9306668701. गोहाना: गोहाना टीवीएस, फो: 8929163001. बहादुरगढ़ : आर जी जे पी टीवीएस, फो: 8929592575. करनाल: ग्रीन टीवीएस, ओल्ड जी.टी. रोड, फो: 9812029009, 9416127919. करनाल: कृष्णा टीवीएस, नई अनाज मंडी गेट, जी.टी. रोड़, फो: 8607777735. सो-हम टीवीएस, सुभाष कॉलोनी, तहसील कैम्प मोड़, जी.टी. रोड़, फो: 8607586075, 7027001155. सिंगला टीवीएस गोहाना रोड पानीपत फो: 7082996680. रेवाड़ी: जी वाई एस टीवीएस, फो: 7988388081, 9991131900. नारनौल: रोहित टीवीएस, निजामपुर रोड़, फो: 9416248898. सोनीपत: सनराइज़ टीवीएस, फो: 8569970007. हिसार: गर्ग टीवीएस, फो: 7027418101, 02, 03, 04, 05. श्री बालाजी टीवीएस, फो: 8168821611, 8168633056. सिरसा: एन.एम.पी. टीवीएस, एलीना सिटी मॉल, फो: 8685000988, 8685000711. फतेहाबाद: शक्ति टीवीएस, फो: 9215610688. टोहाना: गुरुकृपा ऑटो, फो: 8929592539. भिवानी: आर्य टीवीएस, फो: 9416058748. अन्य केन्द्र: सॉंवरिया टीवीएस, विद्युत नगर, इण्डस्ट्रियल एरिया, दिल्ली रोड़, फो: 8295784123. महम: विद्या मोटर्स, फो: 9992111677, 8059380156. झज्जर: क्रिस्टल ऑटो, फो: 8396930251, 8396930253. झज्जर: तुलसी लोक टीवीएस, फो: 9215650635, 92156506 46. कलानौर: कान्हा टीवीएस, फो: 7206645000. छुछकवास: श्री बालाजी टीवीएस, फो: 9306792793, 8059212212. बेरी: ओशो टीवीएस, फो: 7404785257. बादली: साईन टीवीएस, फो: 9992452420, 9812471246. जुलाना: शिव ऑटो: फो: 9416603435, 7876148802. पिल्लूखेड़ा: जगदम्बा ऑटोमोबाइल, फो: 9896101624. सफीदों: श्री सत्यम मोटर्स, फो: 9466963443. उचाना: उचाना टीवीएस, फो: 9996804471. घरौंडा : राणा मोटर, फो: 9215725944, 9896425944. इन्द्री : कालरा ऑटो स्टोर, फो: 9896010726. निसिंग: ब्रदर्स टीवीएस फो: 9896725383. समालखा: राठी मोटर्स, फो: 9215870004. इसराना: त्रिपुंड टीवीएस, फो: 9991989985. मडलौड़ा: अनिल टीवीएस, फो: 9671258922. बावल: दवेन्द्र टीवीएस, फो: 9416092926, 9467090045. धारूहेड़ा: कृष्णा ऑटोमोबाइल्स, फो: 9728393334, 9992453435. कोसली: रेट्रो टीवीएस, फो: 9312593949. पालावास: रेट्रो टीवीएस, फो: 9312593949. खरखौदा: योगेश ऑटो, फो: 8053673420. मुरथल: मंगल टीवीएस, फो: 9467285556, कुण्डली: श्री बालाजी टीवीएस, फो: 9996580850. बरोटा: चरण टीवीएस, फो: 7495003400. बहालगढ़: धारवी टीवीएस, फो: 9996613672. कनीना: नवोदित टीवीएस, फो: 9416133777. अटेली मंडी: वर्मा टीवीएस, फो: 9466925285. महेन्द्रगढ़: वी.एस. टीवीएस, फो: 9355088850. सिवानी: शिवा टीवीएस, फो: 9991076172. हांसी: सुभाष टीवीएस, फो: 9729177117. बरवाला: श्री गुरु नानक टीवीएस, फो: 7496024124. आदमपुर: जय ऑटोमोबाइल्स, 8059920006. आज़ाद नगर (हिसार): सलासार टीवीएस, फो: 7015782507, 9729037819. नारनौद: राईटर टीवीएस, फो: 9034099799. चरखी दादरी: बालाजी ऑटो, फो: 9466235445. बवानी खेड़ा: जैन टीवीएस, फो:9017230856. बाढड़ा (सतनाली रोड): जतिन मोटर, फो: 9728521040, 9813453667. ढिगावा जाटन: देव टीवीएस, फो: 8397007809. झोझू कलां: राधे टीवीएस, फो:7027722277. सांपला रूद्रा टीवीएस, फो:8607614400. डींग मोड़: एनएमपी टीवीएस, फो:8685000913. मंडी डबवाली: एनएमपी टीवीएस, फो:8685000911. एलेनाबाद: बंसल टीवीएस, फो:9992635024, 022. तोशाम: जगदम्बा टीवीएस, फो:7404388008. डीघल: प्रधान ग्रुप टीवीएस, फो:8607466333. रतिया: शिव शक्ति टीवीएस, फो:9996540048. अग्रोहा: विनायक टीवीएस, फो: 9996012795. भट्टू: श्री श्याम टीवीएस, फो: 9854040540. कलांवाली: लोक्श टीवीएस, फो: 9215004949. बहू झोलरी: पूर्वाश टीवीएस, फो: 9888687351. कुंडः रेवाड़ी वर्मा टीवीएस, फो: 8930689602.

Benefits up to ₹5500** ** T&C apply as per Flipkart.

dentsu/vk blr/08/26